वर्ष : 12 | अंक : 21 टोंक | सोमवार, 26 अगस्त, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹1.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक

संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

# बढ़ता राजस्थान

▪ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ








# प्रधानमंत्री मोदी ने किया हाईकोर्ट म्यूजियम का उद्घाटन

## राजस्थान हाईकोर्ट के अस्तित्व से हमारे राष्ट्र की एकता का इतिहास भी जुड़ा : पीएम मोदी




बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट की स्थापना के प्लेटिनम जुबली समापन समारोह में शामिल होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जोधपुर पहुंचे । पीएम मोदी ने हाईकोर्ट संग्रहालय का वर्चुअल उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उनके साथ राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, सीएम भजनलाल शर्मा, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी मौजूद हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ तबीयत खराब होने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। इससे पहले पीएम मोदी विशेष विमान से जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने स्वागत किया। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए शहर में जोधपुर रेंज के अलावा आसपास के जिलों से पुलिस का जाब्ता मंगवाया गया है। शहर में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया गया है। पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पीएम के कार्यक्रम से जुड़े फोटो और वीडियो न लें।

### मोदी बोले- राष्ट्रीय एकता हमारे ज्यूडिशियल सिस्टम का भी फाउंडेशन स्टोन

पीएम मोदी ने कहा- राजस्थान हाईकोर्ट के अस्तित्व से हमारे राष्ट्र की एकता का इतिहास भी जुड़ा है। सरदार पटेल ने जब 500 से ज्यादा रियासतों को जोड़कर देश को एकसूत्र में पिरोया था। उसमें राजस्थान की भी कई रियासतें थी। जयपुर, उदयपुर और कोटा जैसी कई रियासतों के अपने हाईकोर्ट थे। इनके एकीकरण से राजस्थान हाईकोर्ट अस्तित्व में आया। यानी राष्ट्रीय एकता ये हमारे ज्यूडिशियल सिस्टम का भी फाउंडेशन स्टोन है। फाउंडिंग स्टोन जितना मजबूत होगा, हमारा देश और देश की व्यवस्थाएं भी उतनी ही मजबूत होगी।



### सीएम बोले- राजस्थान हाईकोर्ट का नाम गर्व से लिया जाता है

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- 75 साल पूरे होने पर हाईकोर्ट को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा- राजस्थान हाईकोर्ट का नाम गर्व से लिया जाता है। आपातकाल के दौरान अधिकारों का हनन हो रहा था, तब कानून का सम्मान रखा। 1949 के बाद यहां के कई न्यायमूर्तियों ने सुप्रीम कोर्ट में सेवाएं दी हैं।

मन की बात

# परिवारवादी राजनीति नई प्रतिभाओं का दमन करती है : पीएम मोदी

## बिना पॉलिटिकल बैकग्राउंड के युवा नेताओं से लोकतंत्र मजबूत होगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह मन की बात के 113वें एपिसोड में कहा- परिवारवादी राजनीति नई प्रतिभाओं को दमन करती है। बिना पॉलिटिकल बैकग्राउंड वाले युवाओं का राजनीति में आने से लोकतंत्र मजबूत होगा। मैंने इस साल लालकिले से बिना पॉलिटिकल बैकग्राउंड वाले 1 लाख लोगों को पॉलिटिकल सिस्टम से जुड़ने की बात कही थी। इससे पता चला कि हमारे युवा राजनीति में आना चाहते हैं, लेकिन उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत है। परिवारवादी राजनीति के अलावा मोदी ने तिरंगा अभियान, बच्चों में न्यूट्रिशन को लेकर जागरूकता जैसे 5 बड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्रों से स्पेस सेक्टर में स्टार्टअप को लेकर भी बात की।

### स्पेस सेक्टर को लेकर आईआईटी मद्रास के स्टूडेंट से चर्चा की

पीएम मोदी ने कहा- इस 23 अगस्त को ही हम सब देशवासियों ने पहला नेशनल स्पेस डे मनाया। पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान-3 ने चांद के दक्षिणी हिस्से में शिव-शक्ति पॉइंट पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी। भारत इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने वाला दुनिया का पहला देश बना। मोदी ने गैलेक्सी-आई स्टार्टअप खड़ा करने वाले आईआईटी मद्रास के स्टूडेंट से भी चर्चा की। स्टूडेंट ने स्टार्टअप शुरू करने की कहानी पीएम को बताई। स्टूडेंट ने कहा- हम लोग हाईपरलूप प्रोजेक्ट को लेकर एक साथ आए। हमने एक टीम बनाई, जिसका नाम अविष्कार हाईपरलूप रखा गया। स्टूडेंट ने कहा- इस



प्रोजेक्ट को लेकर हम अमेरिका भी गए थे। स्टूडेंट ने बताया कि आने वाले समय में स्पेस सेक्टर को लेकर कई चीजें होने वाली हैं। अगले साल हम अपना सैटेलाइट स्पेस में भेजेंगे। इसमें हमारे स्टार्टअप ने भी कुछ काम किया है।

### तिरंगा अभियान पर

हर घर तिरंगा और पूरा देश तिरंगा अभियान सफल रहा। देश के कोने-कोने से इस अभियान से जुड़ी अद्भुत तस्वीरें सामने आईं। घरों, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी में हमने तिरंगा देखा। इस अभियान ने पूरे देश को एक सूत्र में बांधा। यही एक भारत- श्रेष्ठ भारत है।

### अरुणाचल में 3-डी प्रिंटिंग की चर्चा

अरुणाचल में युवा-साथियों ने 3-डी प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी का उपयोग करना शुरू किया है। क्योंकि वो, वन्य जीवों को सींगों और दांतों के लिए शिकार होने से बचाना चाहते हैं।

## राहुल बोले- मिस इंडिया में एक भी दलित-आदिवासी नहीं

# रिजिजू ने कहा- बाल बुद्धि ब्यूटी पेजेंट्स में भी आरक्षण चाहते हैं; सरकार उन्हें नहीं चुनती

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मिस इंडिया कॉम्पिटिशन में दलित-आदिवासी महिलाओं की कमी वाले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान की आलोचना की है। रिजिजू ने रविवार को कहा कि राहुल मिस इंडिया में भी आरक्षण चाहते हैं। ये सिर्फ बाल बुद्धि की दिक्कत नहीं है। जो लोग उनकी जय-जयकार करते हैं, वे भी उतने ही जिम्मेदार हैं। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष राहुल ने 24 अगस्त को प्रयागराज में कहा कि मैंने मिस इंडिया की लिस्ट चेक की। इसमें कोई दलित, आदिवासी या ओबीसी कम्युनिटी की महिला नहीं थी। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि देश सुपर पावर बन गया। कैसे सुपर पावर बन जाएगा 90% लोग सिस्टम से बाहर बैठे हैं।

### रिजिजू बोले- सरकार मिस इंडिया नहीं चुनती


राहुल के बयान पर रिजिजू ने कहा- बाल बुद्धि मनोरंजन के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन राहुल अपनी विभाजनकारी बातों से हमारे पिछड़े समुदायों का मजाक न उड़ाएं।

सरकार मिस इंडिया को सिलेक्ट नहीं करती। सरकार ओलिंपिक के लिए एथलीट्स



और फिल्मों के एक्टर्स को नहीं चुनती है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा- पीएम मोदी जी ने भी स्पष्ट कर दिया है कि केंद्र सुप्रीम कोर्ट को आईएएस, आईपीएस, आईएफएस समेत सभी शीर्ष सेवाओं की भर्ती में आरक्षण में बदलाव करने की इजाजत नहीं देगी।

रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओबीसी से हैं। रिकॉर्ड संख्या में कैबिनेट मंत्री हैं, जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से हैं। राहुल को ये सब नहीं दिखता।



### राहुल ने जाति जनगणना का मुद्दा उठाया

राहुल शनिवार (24 अगस्त) को प्रयागराज में संविधान का सम्मान और उसकी रक्षा कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसमें उन्होंने जाति जनगणना का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा- मैं कह रहा हूं कि जाति जनगणना करना है, मीडिया वाले कहते हैं नहीं करना है। मुझे बस डेटा चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा- जाति जनगणना संविधान को मजबूत करने का काम है। इसको 10% ने नहीं बनाया। इसको 100% ने बनाया है। इसकी रक्षा आप लोग करते हो। अडाणी जी नहीं करते है। इकॉनोमी सोशल सर्वे कराना चाहता हूं, वो इसकी रक्षा है।

# यूपीएस में का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न : खड़गे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** केंद्र सरकार के नई पेंशन स्कीम के बाद यूनिफाइड पेंशन स्कीम लाने के फैसले के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- यूपीएस में का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न है। खड़गे ने ट्वीटर पर कहा- 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद जनता की शक्ति पीएम के सत्ता के अहंकार पर हावी हुई है। सरकार ने पहले बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गैन/इंडेक्सेशन का फैसला वापस लिया। इसके बाद ब्रॉडकास्टिंग बिल, यूपीएससी के उच्च पदों पर लेटरल एंट्री का फैसला भी वापस लिया। हम सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करते रहेंगे। 140 करोड़ भारतीयों को इस सरकार से बचाते रहेंगे। दरअसल, केंद्र सरकार शनिवार (24 अगस्त) को न्यू पेंशन स्कीम की जगह यूनिफाइड पेंशन स्कीम लेकर आई। स्कीम 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। इससे 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा होगा।

### शिवसेना बोली- विपक्ष के दबाव में फैसला लिया

शिवसेना उद्धव गुट के नेता आनंद दुबे ने कहा- विपक्ष के दबाव के कारण सरकार ने यूपीएस को अपूव किया है। इस बार भाजपा सिर्फ 240 सीटें जीती हैं। इसलिए उन्होंने सेंट्रल गवर्नमेंट के कर्मचारियों के लिए स्कीम लाई है।








सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

## सम्पादकीय

# अमन की राह में भारत के कदम रूस के बाद यूक्रेन की यात्रा के पीछे पीएम मोदी का बड़ा संदेश

प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा से स्वाभाविक ही सबको काफी उम्मीदें थीं। खुद प्रधानमंत्री भी वहां रवाना होने से पहले काफी उत्साहित थे। उन्होंने कहा था कि वे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने को लेकर उत्सुक हैं। जेलेंस्की ने बहुत गर्मजोशी से उनका स्वागत किया और वहां युद्ध की स्थितियों से उन्हें अवगत कराया। दोनों नेताओं के बीच बातचीत मुख्य रूप से युद्ध रोकने के उपाय तलाशने पर ही केंद्रित रही। यूक्रेन ने इच्छा जताई कि भारत शांति समझौते में सदा साथ रहे। हालांकि इस दौरान दोनों देशों ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए। अधिकारियों ने बताया कि इन समझौतों से कृषि, खाद्य उद्योग, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता के क्षेत्र में सहयोग सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा पर इसलिए भी दुनिया की निगाहें बनी हुई थीं कि शुरू से रेखांकित किया जा रहा है कि भारत ही रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग रुकवा सकता है। हालांकि भारत शुरू से ही दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बातचीत कर युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील करता रहा है। यूक्रेन रवाना होने से पहले भी प्रधानमंत्री ने कहा था कि यह दौर युद्ध का नहीं है, युद्ध से किसी समस्या का समाधान नहीं निकल सकता।

यूक्रेन से पहले प्रधानमंत्री रूस भी गए थे। तब जेलेंस्की ने काफी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को दुनिया का सबसे बड़ा अपराधी बताते हुए उनसे भारतीय प्रधानमंत्री के गले मिलने की आलोचना की थी। मगर अब वे भारत के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने को लेकर उत्साहित नजर आए। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब यूक्रेन ने रूसी इलाकों में हमले तेज कर दिए हैं। इसे देखते हुए कहना मुश्किल है कि प्रधानमंत्री की अपीलों का यूक्रेन या फिर रूस पर कितना असर पड़ेगा। पहले भी कई मौकों पर प्रधानमंत्री पुतिन से फोन पर बातचीत करके या फिर आमने-सामने यूक्रेन पर हमले बंद करने की अपील कर चुके हैं।

पिछले दिनों रूस जाकर भी उन्होंने पुतिन से यही अपील की थी। मगर अभी तक ऐसा कोई मौका नजर नहीं आया, जब रूस ने भारत की अपील पर संजीदगी दिखाई हो। शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान आमने-सामने बातचीत के बाद लगा था कि पुतिन ने भारतीय प्रधानमंत्री की अपील को गंभीरता से लिया है, मगर वहां से लौटते ही उन्होंने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए थे। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष का असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। यूक्रेन में बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए हैं, उसकी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन का वाणिज्य और व्यापार बाधित हुआ है। वह चाहता तो है कि युद्ध विराम पर समझौता हो, मगर वह रूस की शर्तें मानने को तैयार नहीं है। रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता त्याग दे। दोनों में से कोई, किसी भी रूप में झुकने को तैयार नजर नहीं आता। ऐसे में बातचीत की मेज पर बैठने की सूरत बने भी तो कैसे, यही सबसे कठिन सवाल है। भारत के लिए भी बातचीत का रास्ता निकालना आसान नहीं है।

## जन्माष्टमी पर विशेष

# श्रीकृष्ण हैं सृष्टि के महानायक एवं मैंनेजमेंट गुरु

**श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व नेतृत्व एवं प्रबंधन की समस्त विशेषताओं को समेटे बहुआयामी एवं बहुरंगी है, यानी राजनीतिक कौशल, बुद्धिमत्ता, चातुर्य, युद्धनीति, आकर्षण, प्रेमभाव, गुरुत्व, सुख, दुख और न जाने और क्या? एक देश-भक्त के लिए श्रीकृष्ण भगवान तो हैं ही, साथ में वे जीवन जीने की कला एवं सफल नागरिकता भी सिखाते है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की विविध विशेषताओं से भारतीय-संस्कृति में उच्च महाप्रबंधक का पद प्राप्त किया। एक ओर वे राजनीति के ज्ञाता, तो दूसरी ओर दर्शन के प्रकांड पंडित थे। धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जगत् में भी नेतृत्व करते हुए ज्ञान-कर्म-भक्ति का समन्वयवादी धर्म उन्होंने प्रवर्तित किया। अपनी योग्यताओं के आधार पर वे युगपुरुष थे, जो आगे चलकर युवावतार के रूप में स्वीकृत हुए। उन्हें हम एक महान् ₹ ांतिकारी नायक के रूप में स्मरण करते हैं। वे दार्शनिक, चिंतक, गीता के माध्यम से कर्म और सांख्य योग के संदेशवाहक और महाभारत युद्ध के नीति निर्देशक थे किंतु सरल-निश्छल ब्रजवासियों के लिए तो वह रास रचैया, माखन चोर, गोपियों की मटकी फोड़ने वाले नटखट कन्हैया और गोपियों के चितचोर थे।**

ललित गर्ग

भगवान श्रीकृष्ण हमारी संस्कृति के एक अद्भुत एवं विलक्षण महानायक एवं मैंनेजमेंट गुरु हैं। श्रीकृष्ण का चरित्र एक प्रभावी एवं सफल मैंनेजमेंट गुरु वाले लोकनायक का चरित्र है। वह द्वारिका के शासक भी है किंतु कभी उन्हें राजा श्रीकृष्ण के रूप में संबोधित नहीं किया जाता। वह तो ब्रजनंदन है। कुशल प्रबंधन सोच के कारण ही समाज एवं राष्ट्र व्यवस्था उनके लिये कर्त्तव्य थी, इसलिये कर्त्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिये उसे कभी नकारा नहीं। वे प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों की संयोजना में सचेतन बने रहे। श्रीकृष्ण के आदर्शों से ही देश एवं दुनिया में शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। श्रीकृष्ण के प्रबंधन रहस्य को समझना होगा कि उन्होंने किस प्रकार आदर्श राजनीति, व्यावहारिक लोकतंत्र, सामाजिक समरसता, एकात्म मानववाद और अनुशासित सैन्य एवं युद्ध संचालन किया। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए किस तरह की नीति और नियत चाहिए- इन सब प्रश्नों के उत्तर श्रीकृष्ण के प्रभावी प्रबंधन सूत्रों से मिलते हैं। गीता में इसी की भावाभिव्यक्ति है- हे अर्जुन! जो भक्त मुझे जिस भावना से भजता है मैं भी उसको उसी प्रकार से भजता हूं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में भी हम इन्हीं प्रबंधकीय विशेषताओं का दर्शन करते है, क्योंकि श्रीकृष्ण के जीवन-आदर्शों को आत्मसात करते हुए वे एक कुशल प्रबंधक के रूप में सशक्त भारत-नया भारत निर्मित कर रहे हैं। सही प्रबंधन के बिना किसी भी कार्य से श्रेष्ठतम परिणाम प्राप्त नहीं किये जा सकते। जिस तरह जीवन के प्रत्येक कार्य में सुनिश्चित सफलता के लिये सही प्रबंधन अति आवश्यक है, उसी तरह सही ढंग से जीने एवं सार्थक जीवन के लिये भी सही प्रबंधन जरूरी है। श्रीकृष्ण ने मैंनेजमेंट गुरु की भूमिका निभाते हुए सफल एवं सार्थक जीवन जीने के प्रबंधन सूत्र दिये, जो सदियों से सम्पूर्ण मानवजाति का पथ-दर्शन कर रहे हैं। श्रीकृष्ण के प्रबंधन नीति की खासियत यह है कि उनकी भावना और विवेक एक दूसरे का पूरक है। मैनेजमेंट गुरु श्रीकृष्ण का वह व्यावहारिक कौशल ही था कि अत्याचारी कंस को सबसे पहले आर्थिक रूप से कमजोर किया गया और फिर उसका वध किया। पूरे महाभारत युद्ध के दौरान कहीं भी श्रीकृष्ण उहापोह की स्थिति में नजर नहीं आये। एक ही व्यक्ति में अनेक गुणों, विशेषताओं एवं कौशल का समावेश तभी हो सकता है, जब वह प्रबंधन में निष्णात हो। श्रीकृष्ण एक ऐसा ही आदर्श चरित्र है जो अर्जुन की मानसिक व्यथा का निदान करते समय एक मनोवैज्ञानिक, कंस जैसे असुर का संहार करते हुए एक धर्मावतार, स्वार्थ पोषित राजनीति का प्रतिकार करते हुए एक आदर्श राजनीतिज्ञ, विश्व मोहिनी बंसी बजैया के रूप में सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ, बृजवासियों के समक्ष प्रेमावतार, सुदामा के समक्ष एक आदर्श मित्र, सुदर्शन चक्रधारी के रूप में एक




योद्धा व सामाजिक क्रान्ति के प्रणेता हैं। उनके जीवन की छोटी से छोटी घटना से यह सिद्ध होता है कि वे सर्वैश्वर्य सम्पन्न थे। धर्म की साक्षात् मूर्ति थे। कुशल राजनीतिज्ञ थे। सृष्टि संचालक के रूप में एक महाप्रबंधक थे। भगवान श्रीकृष्ण के मैनेजमेंट मंत्र के अनुसार श्रेष्ठ व्यक्ति को हमेशा अपने पद और गरिमा के अनुसार ही व्यवहार या आचरण करना चाहिए। क्योंकि वह लोगों के लिए आदर्श हैं और वो जैसा करेंगे लोग भी वैसा ही अनुसरण करेंगे। कुरुक्षेत्र के युद्ध मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो गीता के उपदेश दिये थे, वे मैंनेजमेंट अमरसूक्त हैं। मोहवश अर्जुन ने हथियार त्याग दिए थे, तब गीता के उपदेशों के जरिये ही भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को धर्मानुसार कर्म करने की प्रेरणा दी। महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण ने जो उपदेश दिए थे, इनमें मैनेजमेंट के सूत्र छिपे हुए हैं। इस सूत्रों को समझकर कोई भी इंसान अपने जीवन में छोटे-छोटे बदलावों से उन्नति कर सकता है। श्रीकृष्ण के अनुसार जिस मनुष्य के मन में किसी प्रकार की इच्छा या कामना होती है, उसे कभी सुख शांति प्राप्त नहीं होती। इसलिए सुख-शांति हासिल करने के लिए इंसान को सबसे पहले अपनी इच्छाओं का त्याग करना होगा। हम कर्म के साथ उसके आने वाले परिणाम के बारे में सोचते हैं जो हमें कमजोर बनाता है। लेकिन हमें परिणाम की चिंता न करके अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, जिससे हम अपने कर्तव्य का पालन कर सकें, यह प्रबंधन का आदिसूत्र हैं। श्रीकृष्ण का प्रशासनिक एवं राजनीतिक चरित्र अत्यन्त अलौकिक है, उनके समग्र विचार दर्शन का संक्षेप में केवल एक संदेश है- कर्म। कर्म के माध्यम से ही समाज की अनिष्टकारी प्रवृत्तियों का शमन करके उनके स्थान पर वरेण्य प्रवृत्तियों को स्थापित करना संभव होता है। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व असीम करुणा से परिपूर्ण है। लेकिन अनीति और अत्याचार का प्रतिकार करने वाला उनसे कठोर व्यक्ति शायद ही कोई मिले। जो श्रीकृष्ण अपने से प्रेम करने वाले के लिए नंगे पांव दौड़े चले जाते थे, वही श्रीकृष्ण दुष्टों को दण्ड देने के लिए अत्यंत कठोर और निर्मम भी हो जाते थे। कब प्रेम करना और कब घृणा, कब कठोर होना और कब करुणामय-यह उचित प्रबंधन से ही संभव है। भगवान श्रीकृष्ण से प्रेम के साथ-साथ जीवन के सबसे खराब दौर में कैसे अच्छा परिणाम पाएं इसका गुण भी हम लोग सीख सकते हैं। अपने जन्म से लेकर लीला समाप्ति तक, अपने पूरे अवतार के समय तक श्रीकृष्ण ने कई संघर्षों को सुलझाया और देखा भी। परिस्थिति को अपने अनुकूल बनाने की कला सिर्फ श्रीकृष्ण में ही थी। श्रीकृष्ण का यह प्रबंधन कौशल एवं समय-नियोजन ही था कि उन्होंने 64 दिन में 64 कलाओं का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। श्रीकृष्ण ने वैदिक कलाओं के साथ-साथ दूसरी कलाएं भी सीखी थीं। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे आपके व्यक्तित्व का रचनात्मक विकास हो। श्रीकृष्ण ने 64 कलाओं के साथ-साथ संगीत, नृत्य व युद्ध की भी कला भी सीखी थी। एक बार पांडवों के राजसूय यज्ञ में शिशुपाल श्रीकृष्ण को अपशब्द कहता रहा। वह छोटा भाई था, लेकिन बोलते-बोलते उसने सारी मर्यादाएं तोड़ दीं। सभा में मौजूद सभी लोग क्रोधित थे लेकिन श्रीकृष्ण शांत थे और मुस्कुरा रहे थे। एक बार श्रीकृष्ण शांति दूत बनकर दुर्योधन के पास गए तो उसने श्रीकृष्ण का बहुत अपमान किया। श्रीकृष्ण शांत रहे। इसलिए अगर हमारा दिमाग स्थिर है और मन शांत है तभी हम कोई सही निर्णय ले पाएंगे। गुस्से में हमेशा नुकसान होता है। उचित प्रबंधन के माध्यम से हम यह सीख सकते हैं और श्रीकृष्ण इसके प्रयोक्ता थे। श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पर्याय है। उनके आदर्शों के माध्यम से ही विश्व ने भारत को जाना है। उनके आदर्शों की पुनर्प्रतिष्ठा से विश्व फिर से भारत को जानेगा। राजनैतिक सूक्ष्म दृष्टि, दुष्टों, राष्ट्रद्रोहियों, अपराधियों एवं भ्रष्टाचारियों का दलन, वचन पालन का संकल्प, राष्ट्रहितार्थ आत्मसमर्पण का व्रत, निष्पाप लोगों की मुक्ति, विषमताओं का उन्मूलन, विभेदों में सामंजस्य, परस्पर शत्रुता का निवारण, स्वयं स्वीकृत आत्मसंयम, राष्ट्र कार्यों में सबका सहयोग, राजसत्ता पर धर्मसत्ता का अंकुश और इन सबकी पूर्ति के लिए सत्ता का भी त्याग इत्यादि श्रीकृष्ण के प्रबंधन-गुण भारत के राष्ट्रीय जीवन एवं सांस्कृतिक मूल्य हैं। वास्तव में श्रीकृष्ण उस कोटि के चिंतक थे, जो काल की सीमा को पार कर शाश्वत और असीम तक पहुंचता है। जब-जब अनीति बढ़ जाती है, तब-तब श्रीकृष्ण जैसे राष्ट्रनायक को अवतीर्ण होना पड़ता है। जैसा कि स्वयं श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है- यदा-यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारतः, अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्। अर्थात अन्याय के प्रतिकार के लिए ही राष्ट्रनायक को जन्म लेने की आवश्यकता पड़ती है।

श्रीकृष्ण अनेक प्रबंधन विशेषताओं के समवाय थे, वे ग्रामीण संस्कृति के पोषक बने हैं। उन्होंने अपने समय में गायों को अभूतपूर्व सम्मान दिया। वे गायों एवं ग्वालों के स्वास्थ्य, उनके खान-पान को लेकर सजग थे। उन्होंने जहां ग्वालों की मेहनत से निकाला गया माखन और दूध-दही को स्वास्थ्य रक्षक के रूप में प्रतिष्ठित किया वही इन अमूल्य चीजों को 'कर' के रूप में कंस को देने से रोका।

## शख्सियत

नमस्कार मित्रों हमारी आज शख्सियत कॉलम के स्टार हैं श्री चरण मैसी जो एडमिनिस्ट्रेटर है डॉक्टर श्रॉफ आई चैरिटेबल हॉस्पिटल के । लोगों की आंखें बनी रहे और वह सुंदर रंगीन और प्रकृति से सराबोर दुनिया को देख सके इसके लिए चरण मैसी लगातार अंधता निवारण के तहत पिछले कई सालों से काम कर रहे हैं। विभिन्न संगठनों और संस्थाओं के साथ मिलकर निशुल्क आंखों के कैंप लगाकर हजारों लोगों की आंखों को बचाएं और बनाए रखने में इनकी माहिती भूमिका रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पिछड़ा वर्ग रहता है वहां आंखों के रोगों से संबंधित जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए प्रोत्साहित करना और लोगों की आंखों की रोशनी को बचाए रखना इनके लिए एक बड़ी प्राथमिकता के रूप में गिना जाता है। हर प्रकार के सामाजिक कार्यों को करने के लिए और सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजना ऑन को जनमानस तक पहुंचाने के लिए हमेशा सरकार के साथ तालमेल बिठाकर खड़े रहते हैं।

डॉ श्रॉफ चैरिटी ऑई हॉस्पिटल के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं जो अपने आप में एक बहुत बड़ी मिसाल है। सन 1971 में मथुरा मे इनका जन्म हुआ। बचपन से ही सामाजिक कार्यो में लगे रहने से उम्र के साथ जोश और जज्बा भी बढ़ा।ये बहुत दयालु मिलनसार हंसमुख तथा सबके लिए मददगार स्वभाव के व्यक्ति हैं । 24 वर्षों के बहुत बड़े प्रशासनिक कार्य अनुभव के साथ वह विभिन्न राज्यों में भारत के सुप्रसिद्ध अस्पतालों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं फिलहाल यह वृंदावन में डॉ श्रॉफ चैरिटी ऑई हॉस्पिटल की शाखा में एडमिन में कार्यरत है तथा अलवर शाखा में भी




चरण मैसी
(एडमिनिस्ट्रेटर, डॉ.श्रॉफ आई चेरिटेबल हॉस्पिटल)

उनका लगातार सहयोग रहता है उन्होंने अलवर शाखा में अपनी सेवाएं लगभग 8 वर्षों तक दी है तथा अलवर के जनमानस की सेवा में सदैव तत्पर रहे हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिंद**

## आज का इतिहास



### 26 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अलाउद्दीन खिलजी ने 1303 में चित्तौड़गढ़ पर क़ब्ज़ा किया।
- तुर्की के सुलतान सुलेमान ने 1541 में बुडा और हंगरी को अपने कब्जे में किया।
- बंगाल के क्रांतिकारियों ने 1914 को कलकत्ता में ब्रिटिस बेडे पर हमला कर 50 माउजर और 46 हजार राउंड गोलियां लूटी।
- अमरीका में महिलाओं को 1920 में मताधिकार मिला।
- जर्मनी के शहर म्यू निख में 20 वें ओलंपिक खेलों की शुरूआत 1977 को हुई।
- जॉन पॉल रोमन कैथोलिक चर्च के पोप 1978 में बने।
- नासा ने 1982 में टेलीसेट-एफ का प्रक्षेपण किया।
- म्यांमार अहिंसावादी नेता आंग सान सू ची मोर्चा लेकर 1988 में रंगून पहुंचीं।
- माइकल जॉनसन ने 1999 में 400 मीटर दौड़ में विश्व रिकार्ड बनाया।
- बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री 2001 में जेल भेजे गए।
- दक्षिण अफरीका के जोहानिसबर्ग शहर में दस दिवसीय पृथ्वी सम्मेलन 2002 में शुरू हुआ।
- पाक-अफगान सीमा पर अमेरिकी नेतृत्व वाली सेना ने 2007 में 12 तालिबानियों को मार गिराया।
- तेलगु फिल्मों के सुपर स्टार चिरंजीवी ने 2008 में अपनी नई पार्टी प्रजा राज्यम का उद्घाटन किया।
- फिलीपींन्स में 2013 को विकास सहायता कोष घोटाले को लेकर विरोध प्रदर्शन।
- अमेरिका के वर्जीनिया में 2015 को दो पत्रकारों की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### 26 अगस्त को जन्मे व्यक्ति

- ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री रॉबर्ट वालपोल का जन्म 26 अगस्त 1676 को हुआ था।
- हिन्दी साहित्य के एक महान् उपन्यासकार चतुरसेन शास्त्री का जन्म 26 अगस्त 1891 को हुआ था।
- भारत रत्न सम्मानित मदर टेरेसा का जन्म 26 अगस्त 1910 को हुआ था।
- हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और स्वतन्त्रता सेनानी बंसीलाल का जन्म 26 अगस्त 1927 को हुआ था।
- हीरो साइकिल्स के सह संस्थापक और समाज-सेवी ओम प्रकाश मुंजल का जन्म 1928 को हुआ था।
- प्रसिद्ध राजनेत्री, संजय गाँधी की पत्नी मेनका गाँधी का जन्म 26 अगस्त 1956 को हुआ था।
- प्रसिद्ध साहित्यकार गीत, ग़ज़ल दिनेश रघुवंशी का जन्म 26 अगस्त 1964 को हुआ था।
- भारतीय हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध सहायक अभिनेता इंद्र कुमार का जन्म 26 अगस्त 1972 को हुआ था।

### 26 अगस्त को हुए निधन

- प्रसिद्ध अमरीकी दार्शनिक तथा मनोवैज्ञानिक विलियम जेम्स का निधन 26 अगस्त 1910 को हुआ था।
- प्रसिद्ध विधिवेत्ता, शिक्षा प्रेमी, रचनाकार तथा बांग्ला भाषा के प्रसिद्ध कवि और संगीतकार अतुल प्रसाद सेन का निधन 1934 में हुआ

## विशेष आलेख

# भाग्य से नहीं सर्वोत्तम कर्म से पाइये सफलता संघर्ष और मनोबल के सारथी बने

संजीव ठाकुर

सफलता एक दिन में नहीं मिलती पर एक दिन मिलती जरूर है,जो सफलता भाग्य से मिलती है वह क्षण-भंगुर भी हो सकती है। इसिलए निरंतर,नियमित मेहनत,श्रम करने आदत होनी चाहिए,साथ में यदि उच्च मनोबल हो तो सोने पे सोहागा होगी और इससे प्राप्त सफलता स्थाई और चिरंतर होती है।जीवन में अच्छे लक्ष्य को लेकर की गई मेहनत सार्थक होती है और कभी व्यर्थ, जाया नहीं होती है। वर्तमान के आपाधापी एवं कठिन जीवन शैली में हर व्यक्ति चाहता है कि उसे प्राथमिकता मिले और उसके सब कार्य तत्काल पूर्ण हो जाए। भारत की जनसंख्या के हिसाब से हर स्थान, हर जगह जबरदस्त प्रतियोगिता का वातावरण निर्मित हो चुका है। एक काम के लिए हजारों लोग लाइन में लगे हुए हैं, मूलत किसी पद को पाने के लिए इतनी ज्यादा प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा है कि साधारण कद काठी एवं सामान्य व्यक्तित्व का व्यक्ति भीड़ में कहीं खो जाता है अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने से वंचित रह जाता है।असफलता के कारण मानसिक दबाव जिंदगी भर रहने लगता है, ऐसे व्यक्तित्व विकास मनुष्य के जीवन में एक कड़ी और चुनौतीपूर्ण जीवन रेखा है। एसे में व्यक्ति को शानदार व्यक्तित्व बनाने के लिए बड़ी मेहनत एवं कठिन तपस्या की आवश्यकता होती है। तभी वह इस प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली में अपने आप को सही और सटीक स्थापित कर पाता है। व्यक्तित्व विकास के साथ मनुष्य अपना जीवन दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से गुजार पाता है, ऐसे में लोगों एवं आप के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के मन में आपके प्रति सकारात्मक एवं अच्छे विचार आते हैं। आपका प्रभाव भी लोगों पर आपकी कार्यप्रणाली पर अच्छा होने लगता है। अच्छे व्यक्तित्व का मालिक अपने प्रतिदिन के काम में सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा तथा शक्ति प्रदान कर पाता है और धीरे-धीरे वह लोगों से अलग दिखाई देने लगता है, आमजन उससे जुड़ना चाहते है, और आपकी तरह बनने के सपने देखने लगते हैं। वर्तमान समय में शायद ऐसा ही कोई व्यक्ति होगा जो शानदार व्यक्तित्व का धनी एवं मालिक ना बनना चाहता होगा। यदि आपकी पर्सनैलिटी याने व्यक्तित्व साधारण एवं निम्न स्तर का है, तो आपको अपने व्यक्तित्व को निखारना ही होगा, तब जाकर आप किसी अच्छे पद,व्यवसाय किसी महान लक्ष्य को संचालित कर सकते हैं। ऐसे में आप यदि नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं तो आपको अपने व्यक्तित्व निर्माण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है,। नकारात्मक सोच के व्यक्ति को हमेशा कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, और उसे इन्हीं परेशानियों का निदान भी सूझता नहीं है,पर जिनका का सकारात्मक रवैया होता है,उन्हें हर कठिनाई, परेशानी में निदान के उपाय एवं तरीके अपने सूझ बुझ से निकालने का फार्मूला मालूम होता है, ऐसे व्यक्तियों का काम कभी रुकता नहीं और वे निर्बाध गति से आगे बढ़ते जाते हैं। यह सर्वविदित सत्य है की आपका संव्यवहार आपके व्यक्तित्व का दर्पण होता है। हर कार्य के संचालन संपादन में आपके व्यक्तित्व की परछाई स्पष्ट परिलक्षित होती है, आपका व्यवहार आपके चरित्र तथा स्वभाव के बारे में सब कुछ बता देता है, और उसका इसका बड़ा व्यापक प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है, व्यक्तित्व विकास न सिर्फ आपकी निजी जिंदगी में प्रभाव डालता है वरन आपकी व्यवसाय और लक्ष्य में भी सकारात्मक एवं प्रभावकारी होता है। जब आप एक अच्छे व्यक्तित्व और सकारात्मक विचार वान व्यक्ति होते हैं तो आप काफी उत्साही एवं आत्मविश्वास से भरपूर भी हो सकते हैं, और आत्मविश्वास से परिपूर्ण व्यक्ति जिंदगी में हर मुशिकल को पार कर एक सफल व्यक्तित्व का धनी हो जाता है। उसे हर जगह सफलता ही सफलता प्राप्त होती है। सफल व्यक्तित्व बनाने के लिए आप अपने व्यवहार को अत्यंत



नम्र, शालीन और आत्मविश्वास से भरा ही रखें, किसी भी व्यक्ति से चाहे छोटा हो बड़ा हो अमीर हो गरीब हो मिलते समय उसका यथा योग्य अभिवादन शिष्टाचार पूर्वक अवश्य करें। इससे आपकी पहुंच एवं प्रभाव का दायरा विस्तृत होने लगेगा, सफलता ही सफलता से आप आगे बढ़ने लगेंगे, किसी भी व्यक्ति से अशिष्टतापूर्वक व्यवहार न करें ,आपको यदि यह महसूस होता है कि सामने वाला कुछ गलती पर है या गलत कार्य कर रहा है तो उस पर नाराज ही जाए ना कर उसे बड़े ठंडे दिमाग से समझाई दीजिए, इससे आपका प्रभाव गलत ना होकर शानदार होने लगेगा।। प्रभावशाली व्यक्तित्व के निर्माण में समय की प्रतिबद्धता एवं समय पर कार्य करने की अदम्य लालसा का बड़ा महत्व है। यदि आप सही समय पर सही कार्य करेंगे एवं अपने संपूर्ण कार्य समय पर प्रतिपादित करने की आदत डालेंगे, तो कार्यों की सफलता की एक तरह से संपूर्णता दिखाई देने लगती है यदि कहीं मीटिंग या किसी व्यक्ति को अपने समय दिया है तो आप वहां समय पर ही पहुंच कर मीटिंग का संपादन करें, आज के युग में किसी को किसी का इंतजार करना पसंद नहीं आता है। ऐसे में काम की सफलता की गुंजाइश कम हो जाती है। और किसी को किसी भी कार्य के लिए इंतजार करवाना अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण के प्रतिकूल प्रभाव डालता है,। यदि आप नौकरी में हैं,व्यवसाय में हैं या जन प्रतिनिधि हैं, तो लोगों की बातें सुनने का आप में पर्याप्त संयम भी होना चाहिए, यदि आप किसी व्यक्ति की बातें धैर्य पूर्वक सुनते हैं तो उसे आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली लगता है एवं कार्य की सफलता में संदेह नहीं रह जाता। अनावश्यक किसी भी व्यक्ति से बिना उसकी बात सुने समझे बहस करने की थोड़ी भी गुंजाइश ना रखें, अन्यथा कार्य विपरीत स्वरूप भी ले सकता है।सामने वाला व्यक्ति यदि सचमुच गलत है तो ही अपनी बात आप रखें या बोले, इसमें महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि आप अपनी शक्ति एवं दुर्बलताओं को अच्छे से पहचाने और जाने। आपको जब अपनी शक्ति और क्षमता का पता होगा तो आप उस कार्य को अच्छे से कर पाएंगे एवं इससे आपके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी, और अपनी कमजोरियों को सफलता के पीछे सुधार करने में सफल भी होंगे। आप प्रयास करें कि हमेशा मुस्कुराहट आपके चेहरे पर हो एवं आपका चेहरा चिड़चिड़ा या परेशान ना दिखाई दे, क्योंकि यह नकारात्मक ऊर्जा का एक बड़ा प्रतीक है।यह सफलता में कठिनाई पैदा करने वाला कारक माना जाता है। मुस्कुराते हुए चेहरे से लोग प्रसन्न होकर उसकी बात सुनना चाहेंगे और यही एक ऐसा तत्व है जो आपके आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देगा और आपकी सफलता में कोई गुंजाइश नहीं रह जाएगी। मुस्कुराते हुए चेहरे के आचरण को लोग ज्यादा पसंद करते हैं अपना मित्र भी बनाना चाहेंगे।, आप जो भी कार्य करते हैं पढ़ते हैं नौकरी करते हैं, व्यवसाय या समाज सेवा करते हैं, उसके संबंध में आपके पास गहरी और संपूर्ण जानकारी होना चाहिए। अधूरा ज्ञान बहुत ही खतरनाक और असमंजस निर्माण करने वाला होता है और कार्य की सफलता में संदेह भी पैदा करता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। दूसरों के साथ सामंजस्य बनाए रखें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंगे, हालांकि किसी तरह के नए काम आज शुरू ना करें।

**वृष**
आपको काम पूरा होने का उत्साह बना रहेगा। परिवार का वातावरण भी परिवर्तित होगा। आर्थिक लाभ की भी संभावना है। आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है।

**मिथुन**
आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। यात्रा आज लाभदायी नहीं है, परंतु दोपहर के बाद आपको कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। धार्मिक काम होंगे।

**कर्क**
परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। अस्वस्थ व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ होगा। आर्थिक लाभ की पूरी संभावना है। मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे।

**सिंह**
कार्यालय या व्यवसाय में काम अधूरा रहने से मन निराश रहेगा। यात्रा में विघ्न आ सकता है। आध्यात्मिकता और ईश्वर भक्ति से मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है।

**कन्या**
परिजनों के साथ कोई विवाद हो सकता है। आपका आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे। साथी कर्मचारी आपका सहयोग देंगे।

**तुला**
विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं। दोपहर के बाद नया काम या टारगेट मिल सकता है। कोई अधूरा काम आज पूरा हो सकेगा। व्यापार में बढोतरी की संभावना हैं। गृहस्थ जीवन में मधुरता छाई रहेगी।

**वृश्चिक**
किसी मीटिंग के लिए छोटी यात्रा हो सकती है। नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। आज आप कुछ धार्मिक बने रहेंगे। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा।

**धनु**
आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे।

**मकर**
किसी प्रिय मित्र या रिश्तेदार से बातचीत करके मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में आर्थिक लाभ होगा। सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**कुंभ**
गृहस्थ जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। किसी छोटी यात्रा का आयोजन कर पाएंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से शुभ समाचार मिलेंगे। परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा।

**मीन**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। आज आप अपना जिद्दी व्यवहार छोड़ दें।

# भारतीय जनता पार्टी ने टोंक जिले में आगामी सदस्यता अभियान के लिए जिला स्तरीय बैठक आयोजित की

बढ़ता राजस्थान




**टोंक ( का.स. )।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी टोंक जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता एवं पूर्व प्रदेश मंत्री सुनील कोठारी की सयुंक्त अध्यक्षता मे आगामी सदस्यता अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैठक का आयोजन शहर के निजी विद्यालय मे किया गया  इस बैठक का आरम्भ आमंत्रित अतिथि जिलाध्यक्ष मेहता पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश माहुर सतीश चंदेल ने दीप प्रज्ज्वल के साथ किया। प्रदेश द्वारा नियुक्त सदस्यता अभियान के जिला सयोंजक एवं जिला कोषाध्यक्ष सुनील जैन ने इस अभियान की योजना पर प्रकाश ड़ालते हुए कहा की आगामी 1 सितम्बर से पार्टी द्वारा एक नंबर जारी किया गया है जो 8800002024 है और इसी नंबर पर मिस कॉल द्वारा सदस्य को जोड़ा जा सकेगा इसके अतिरिक्त नमो एप एवं पार्टी की वैबसाइट पर जाकर भी सदस्यता ली या दिलाई जा सकती है साथ ही नेटवर्क सम्बंधित समस्याओ को ध्यान रखते हुए पार्टी एक क्यू आर कोड भी जारी करेगी जो सदस्य बनने का एक अतिरिक्त माध्यम होगा । जिलाध्यक्ष मेहता ने कहा की आज़. पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनितिक संगठन है और निरंतर हमारा परिवार बढ़ रहा और इसी परिवार की ताक़त के बल पर तीसरी बार माननीय नरेंद्र भाई मोदी फिर से प्रधानमंत्री बने है मेहता ने कहा की इस अभियान के अंतर्गत 10 करोड़ से ज्यादा लोगो को सदस्य बनाया जाना है और हर बूथ पर ये संख्या 200 होंगी, 18 वर्ष से अधिक आयु का हर नागरिक हमारी पार्टी का सदस्य बन सकता है और ऑनलाइन सदस्यता अभियान के साथ इस बार सिमित कनेक्टविटी वाले पर्देशों मे ये अभियान पेपर फार्म से भी चलाया जाएगा, नरेंद्र भाई मोदी का सपना है की इस अभियान द्वारा राष्ट्रीय स्तर से लेकर हर प्रदेश गांव शहर और बूथ तक पार्टी का व्यापक विस्तार करना । इस अभियान को लेकर राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर की कार्यशाला के बाद आज़ जिला बैठक हुई है अब आगामी 3 दिनों मे प्रत्येक मण्डल स्तर पे बैठक कर अभियान को लेकर योजना बना ली जायेगी और आगामी 1 सितम्बर को नरेंद्र भाई मोदी के सदस्य बनने के साथ ही ये अभियान शुरू हो जाएगा। देवली उनियारा से आये मण्डल अध्यक्षों से जिलाध्यक्ष ने कहा की अब उपचुनाव है और ये अभियान हमारे लिए एक मौका है हर घर हर परिवार को भारतीय जनता पार्टी के परिवार से जोड़ने का और इस अभियान के माध्यम से हम पार्टी की विजय को इस उपचुनाव मे सुनिश्चित करेंगे । प्रदेश से आये पूर्व प्रदेश मंत्री सुनील कोठारी ने कहा की इस अभियान द्वारा पार्टी अपनी विचारधारा से जुड़े लोगो को अपने परिवार मे शामिल करने जा रही और इस परिवार के हर सदस्य का ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संत कुमार जैन,पूर्व प्रधान खैमराज मीणा,ओम पांडे, रामजस, अनिल शर्मा,पंडित महावीर शर्मा,धर्मराज चौधरी, हेमराज पूरी,गौरव चारण,रमेश गढ़वाल तुलसी राम जाट, पूर्ब संजय डोई,मण्डल अध्यक्ष नीवाई दयाराम जाट,गिरधारी नकवाल, विष्णु चावला, पिपलू मण्डल अध्यक्ष प्रताप सिंह, रामचंद्र गुर्जर,सीताराम चावला, भगवान दास बाहती, नरेन्द्र अजमेरा, संगीता सैन,हेमंत पंवार, कार्तिक बम्ब, सीताराम सोनी, शिवदयाल बेनीवाल, रामबाबू गुप्ता, किरण सोनी,भंवर सिंह सोलंकी, जयनारायण वर्मा,अर्जुन उतवाल, बाबू लाल शर्मा काबरा, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन, शंकर विजय, बबिता सैनी नमो गौतम मण्डल अध्यक्ष उनियारा, मण्डल अध्यक्ष साँवरिया बैरागी,धोलू गुर्जर मण्डल अध्यक्ष देहात टोंक बनवारी चौधरी लोकेश सैनी, राकेश शर्मा एडवोकेट,वाहिद खान, गुल मोहमद, आलम भाई, तारिक अजीज, अमजद अली पार्षद,सलीम सहजाद, नुसरत,



## सती माता व शंकर भगवान की बारात प्रसंग पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के महेश सेवा सदन में श्री रामकथा महोत्सव आयोजन समिति व भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्री रामकथा महोत्सव के दूसरे दिन व्यासपीठ से सुख्यात संत श्री शम्भूशरण जी लाटा ने सती माता और भगवान शंकर की बारात के प्रंसग सुनाए। रविवार को संत श्री लाटा ने देवऋषि नारद के कहने से पार्वती माता ने जंगल मे कठोर तपस्या, उपवास किया। 3000 वर्ष तक पार्वती से पेड़ से गिरे पत्तो का आहार किया। उसके बाद उन पत्तो का भी अर्पण कर दिया। इसलिए उनका एक नाम अर्पणा भी हो गया। कामदेव प्रसंग सुनाते हुए सन्त ने बताया कि भगवान शिव ने क्रोधित होकर कामदेव को भस्म कर दिया। देवता भगवान शिव के क्रोध से घबरा गए। कामदेव की पत्नी रति द्वारा निवेदन करने पर भगवान शिव गुस्से को भूल जाते हैं। एवं रति को कामदेव के श्राप मुक्ति का उपाय बताते हुए वरदान भी दे देते हैं। हमें भी भगवान शिव से यह प्रेरणा अवश्य लेनी चाहिए कि आये हुए क्रोध को भूलकर तुरन्त साधारण होने का प्रयास करें। शिव प्रसंग में बताया कि शिव नन्दी पर बैठकर अपने धुली-भस्म लगाए हुए गणों के साथ बारात लेकर शादी के लिए पहुँचे तो उस बारात का दृश्य ऐसा लग रहा था कि जैसे वातावरण में चारों तरफ धूल भस्म के बादल छाए हुए थे। शिव जी के शरीर पर सांप रेंग रहें थे। माथे पर शरीर पर जटाएँ फैली हुई थी।

नन्दी के पीछे भांग धतूरा खाये हुए मस्ती में गण नाच रहें थे। इस बारात को देखकर देवताओं की रानियाँ देखकर अचंभित हो गयी। उनमें से कुछ तो यह भी कहने लगे कि जब दूल्हा ही ऐसा है तो इनके साथ रहने वाले कैसे होंगे। बारात में भूत प्रेत पिशाच डाकिनी बिना सिर के बिना हाथ पैरों के हवा में उड़ने वाले बारातियों को देखकर सभी दंग रह गए घबरा गए। सन्तश्री ने राम नाम का महामन्त्र जो प्रेम से रोज सुनावे हैं सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। जिनको सुनकर श्रोताओं को भाव विभोर हो गए। रामकथा आयोजन समिती के प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि रामकथा से पुर्व में आज के दैनिक यजमान दीपक मुंदड़ा ने रामायण जी का पूजन किया और महाआरती पश्चात प्रसाद वितरण कृष्णगोपाल शर्मा वैध परिवार की ओर से किया गया। रामकथा आयोजन समिती और भारत विकास परिषद कार्यकर्ता उपस्तिथ रहें।

## जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आज 56वां जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा विधानसभा क्षैत्र के लगातार तीसरी बार वर्तमान विधायक व प्रदेश के भूजल एवं जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का सोमवार को 56वां जन्म दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुउ भारतीय जनता पार्टी उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि सोमवार को प्रदेश के केबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी के 56वं जन्मोत्सव के उपलक्ष में प्रात: 8.30 से 11.30 बजे तक अग्रवाल धर्मशाला चूंगी नाके के पास टोडारायसिंह में तथा 12.15 से सायंकाल 4 बजे तक जयपुर रोड आदर्श नगर स्थित पाण्डुकशिला के पास भाजपा चुनाव कार्यालय के सामने अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में मालपुरा शहर व सम्पूर्ण ग्रामीण अंचलो से भारी संख्या में आम जन भाग लेकर क्षेत्र के लाडले विधायक व केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी जोरदार अभिनन्दन व स्वागत सम्मान करेगें।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां को दिया अंतिम रूप

### श्याम मंदिर को वृंदावन के प्रेम मंदिर की तरह सजाया


बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में सोमवार को कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर सभी मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। शहर की इंदिरा कॉलोनी में स्थित श्रीश्याम मन्दिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारियां को अन्तिम रूप दिया गया। पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी एवं श्री श्याम मित्र मण्डल अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने बताया कि जन्माष्ठमी पर बाबा श्याम का पंचामृत से अभिषेक कर कलकता के फूलों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा एवं छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। मन्दिर प्रांगण को वृन्दावन के प्रेम मन्दिर की तरह सजाया गया है। इस दौरान भव्य लाइटिंग, सजीव झांकियां, वृन्दावन रास, आतिशबाजी, पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा की तैयारियां पूर्ण कर ली है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर झिलाय रोड से श्याम मन्दिर तक भव्य स्वागत द्वार बनाये गए हैं। इस दौरान रात्रि में विशाल भजन संध्या एवं कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके बाद महाआरती कर भक्तों को प्रसादी वितरण की जाएगी। इसी प्रकार चारभुजानाथ मंदिर, लक्ष्मीनाथ मंदिर, श्री राधागोपीनाथ मंदिर, श्री राधेगोपाल मंदिर, श्री राधा दामोदर मंदिर, बडी का मंदिर, कृषी मंडी के भगवान लक्ष्मीनारायण जी मंदिर सहित सभी मंदिरों में कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

## आज मनाया जाएगा जन्माष्टमी का पर्व

### स्कूलो में बच्चे कान्हा व राधा के रूप मे सज कर आए विद्यालय, गौरांग विजय श्रेष्ठ कान्हा बना

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा क्षैत्र में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी का पर्व सोमवार को क्षैत्र में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मालपुरा शहर सहित ग्रामीण मन्दिरो के अंचलो के मन्दिरो में सोमवार को जन्माष्टमी पर्व की धूम रहेगी। मन्दिरो में दिन के समय भजन कीर्तन होने के साथ साथ सायंकाल के समय भी भजन संध्या आयोजित होगी। वहीं ठीक मध्य रात्रि के समय मन्दिरो में ठाकुर जी की आरती की जाकर भोग लगाया जाकर प्रसादी का वितरण होगा। कई मन्दिरो में विशेष झांकीयां भी सजाई जाएगी। इधर क्षैत्र के नीजि विद्यालयो में आज रविवार का साप्ताहिक अवकाश होने के चलते शनिवार को ही जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। इसमें विद्यालयो के अध्ययन रत बच्चे कान्हा जी व राधा जी का वेश बनाकर स्कूलो में आए। साथ ही स्कूलो में भजनो पर नोनिहालो ने नृत्य भी किया। एमडी पब्लिक स्कूल में अध्ययरत गौरांग विजय भगवान श्री कृष्ण की आकर्षक ड्रेस में स्कूल पहुंचा तो सभी का आकर्षण का केन्द्र बना। विद्यालय प्रशासन ने भी गौरांग विजय की ड्रेस की सराहना की।

## धूम धाम से किया कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक( का.स. ) ।** यहां रविवार को सन् शाइन ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया ।कार्यक्रम का आरम्भ माँ सरस्वती पूजन कर किया गया । इस अवसर पर बाल कृष्ण का रूप धारण कर बच्चों ने मनमोहक प्रतीतियाँ दी । कृष्ण, राधा, सुदामा, बाल सखियों एव ग्वालों का रूप धर कर बच्चों ने कृष्ण जीवन की प्रेरणास्पद एव उदारात्मक कथाओं का मंचन किया । श्री कृष्ण की जीवन लीलाओ का सजीव चित्रण की प्रस्तुति को दर्शकों ने बहुत ही सराहा और श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व की विशेषताओ को अपने जीवन में उतारने के लियें प्रेरित किया ।

कार्यक्रम में यशोदा के रूप में कृष्ण रूप में आये बालकों की माताओ ने कृष्ण भक्ति के भजनों पर रंगारंग प्रस्तुतियों दी अभिभावकों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिया और कार्यक्रम का आनन्द लिया । विद्यालय की प्रधानाचार्या कामिनी श्रीवास्तव ने कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ देते हुए कृष्ण भगवान के जीवन से संबंधित प्रेरणा दायक प्रसंगों पर व्याख्यान दिया एव उनके चरित्र की विशेषताओं पर संबोधित करते हुए चारित्रिक विशेषताओं को अपनाने पर ज़ोर दिया । इस अवसर पर सविता शर्मा, ऋचा शर्मा, रीना जैन, आशा चौधरी, लता चैलानी, मधुबाला नायक, मनीषा रामचंदानी, वन्दना, बीना, नीलू मीना, रश्मि जैन, सीमा, सुमन, रीना खंडेलवाल, अंजू साहू, वजेदा तबस्सुम, उगनता यादव, ऐमन ख़ान, नवीन प्रभा, अवनी विजय, टीना यादव, असरा ख़ान, राफ़िया ख़ान,सुमेरा ख़ान, आयुषि सक्सेना, रईस बी, विशाल शर्मा, सतीश सोनी, अनिल हल्दुनिया, हेमराज़ बैरवा, योगेश सैनी, हरिराम जाट, कान सिंह नरुका, नरेंद्र सिंह, रेखा साहू, अन्नू नायक, दया नायक आदि उपस्थित रहे ।

## हतौना से सुरसुरा तेजाजी धाम के लिए पदयात्रा रवाना

बढ़ता राजस्थान




**नटवाड़ा ( नि.स. )।** श्री तेजाजी महाराज पद यात्रा संघ के तत्वावधान में सुरसुरा में विराजित लोकदेवता तेजाजी महाराज के दर्शनों के लिए रविवार को तेजाजी महाराज मंदिर पर विधिवत पूजन-अर्चन के बाद गाँव हतौना से दूसरी पदयात्रा रवाना हुई। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष पारंपरिक परिधान पहने यात्रा में शामिल हुए। पदयात्रियों द्वारा सुरसुरा तेजाजी धाम के पहुंचकर खुशहाली की कामना के साथ झंडा चढ़ाया जाएगा। क्षेत्र की खुशहाली और शांति की कामना के साथ सकल हिन्दू समाज द्वारा आयोजित सुरसुरा तेजाजी महाराज की पदयात्रा में श्रद्धालुओ का सैलाब उमड़ पड़ा। सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में निकलने वाली यात्रा का विभिन्न सामाजिक संगठनों और समाजों की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रविवार की सुबह तेजाजी महाराज के मंदिर पर पारंपरिक तरीके से पदयात्रा समिति के पदाधिकारियों ने संतगणों और अतिथियों की मौजूदगी में ध्वजपूजन किया और उसके बाद पदयात्रा को रवाना किया। इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इससे पूर्व ग्रामीण पंच-पटेलो ने पदयात्रा की सफलता के लिए पथवारी माता का पूजन कर महाआरती की। पदयात्रा में महिलाएं रंग बिरंगे वस्त्र पहन कर मगंल गीत गाती एवं तेजाजी महाराज के जयकारे लगाती हुई चल रही थी।

सुरसुरा धाम पहुंचने पर मंदिर में परंपरागत रूप से झंडा चढ़ाने की रस्म के साथ यात्रा का समापन होगा।

## पानी के भराव से कई मकानों में आई बड़ी बड़ी दरारे

# मकानों के ढहने का बना हुआ है भय

बढ़ता राजस्थान



**निवाई/गूंसी( नि.स. )।** गांव कनेसर में सुनारा रोड के नजदीक पानी का भराव होने से गांव के कई मकानों में बड़ी बड़ी दरारें आ चुकी है। ग्रामीण रामदयाल यादव, रामावतार सैनी, रामकिशोर सैनी, गणपत सैनी व लक्ष्मीनारायण सैनी ने बताया कि क्षेत्र में इस वर्ष बारिश बहुत ज्यादा हुई है जिसके चलते गांव से सटे खेतों में करीब पांच फीट पानी का भराव हो चुका है। एक ओर सुनारा सडक़ मार्ग है तो इसी से निकलता एक कृपालपुरा रोड है। दोनों के बीच इस पानी का जमावड़ा है। पानी की निकासी नहीं होने से पानी पीड़ितो के मकानों के पीछे वाले हिस्सों में नुकसान पहुंचा रहा है। दीवारों में बड़ी बड़ी दरारें आ चुकी है। पीड़ितो ने बताया कि पानी के भराव से मकानों को ढहने का भय सताता रहता है। उन्होंने बताया कि पानी से कृपालपुरा एवं कनेसर गांव की करीब 200 बीघा में बोई गई फसल भी नष्ट हो चुकी है। इसी प्रकार बीपीएल विधवा महिला बिमला रैगर का इंदिरा आवास योजना से बना हुआ मकान पानी से चारों तरफ से घिरा हुआ है। बाहर निकलने के लिए परिवार को पानी में से होकर गुजरना पड़ रहा है। वही पानी के भराव से बद्री यादव के मकान की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। कई पीड़ितों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर पानी की निकासी एवं मकानों में हुए नुकसान की मदद की गुहार लगाई है। ग्राम विकास अधिकारी अर्पित अग्रवाल ने बताया कि उपखंड अधिकारी के निर्देशों पर पानी के जमावड़े बने हालात एवं नुकसान का जायजा लेकर उपखंड कार्यालय में रिपोर्ट पेश कर दी है।

## साईकिल रैली का हुआ जोरदार स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा क्षैत्र के सोड़ा ग्राम निवासी एवं देश के सुविख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ रोड राइडर डॉ. जी.एल. शर्मा के नेतृत्व में पर्यावरण एवं स्वास्थ्य चेतना को लेकर निकाली तृतीय साईकिल रैली के मालपुरा क्षैत्र में आने पर जोरदार स्वागत किया गया। रविवार को जयपुर से बीसलपुर के लिए रवाना साईकिल रैली के मालपुरा के अविकानगर के पास पहुंचने पर रेखा देवी मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय के सामने रोटरी क्लब मालपुरा सिटी की ओर से क्लब के सहायक प्रान्तपाल डॉ. अकिंत जैन व क्लब अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौराल क्लब के सौभाग्यसिंह, साइकिलिस्ट रोटेरियन एडवोकेट राजेन्द्र तिवाड़ी, राजाराम शर्मा, अभिषेक शर्मा, राजकुमार गुप्ता, मनीष जामड़ सहित अन्य कई क्लब सदस्य मोजुद रहे। स्वागत के समय मौजुद लोगो ने रैली का नेतृत्व करने वाले रोड राइडर डा. शर्मा का राजस्थानी साफा बंधा व मालाऐं पहना कर स्वागत किया। साथ ही इनके साथ मौजुद अन्य साइकिलिस्टो का भी मालाऐं पहना कर स्वागत किया। इससे आगे चलने पर पंचायत समिति के बाहर भारत विकास परिषद के जल मन्दिर के सामने क्लब अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, ज्ञानचन्द जैन,, अरविन्द टेलर, दिनेश विजय, चेतन शर्मा, सुमेर बड़जात्या, रामचरण विजय, अमित विजय, कपिल दाधिच, कमलेश श्रृंगी, ओमप्रकाश जैन, हरिराम सोनी, अशोक साहू, सुनील परतानी सहित अन्य मौजुद परिषद सदस्यो व शहर के गणमान्य नागरिको ने पुष्पवर्षा के साथ रैली की अगवानी कर रोड राइडर डॉ. शर्मा व उनके साथ रैली में मोजुद अन्य साइकिलिस्टो का जोरदार स्वागत किया।

३इस रैली का शहर में अन्य कई स्थानो पर भी स्वागत हुआ। रैली टोडा रोड से आगे अम्बापुरा, टोरड़ी होते हुए बीसलपुर के लिए निकली।

## औषधियो के दुष्परिणामो की जानकारी देती है फामौकोविजिलेंस : प्रो.फिरोज खान




बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के विजयवर्गीय सेवा सदन में फार्माकोविजिलेंस की ओर से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सीनियर चिकित्साधिकारी डॉ.नासिर के सहयोग से आयोजित सेमिनार में यूनानी फाम्रकोविजिलेंस के को-आर्डिनेटर एवं एसोशियट प्रोफेसर यूनिवर्सिटी कालेज आफ यूनानी कालेज के जिला चिकित्सक डॉ. फिरोज खान ने बताया कि आयुष मंत्रालय ने यूनानी आयुर्वेद सिद्ध एवं होम्योपेथिक में फामोकोबिजिलेंस को बढ़ावा देने के लिए एक योजना शुरू की है। जिसका मुख्य उद्धेश्य औषधियो से होने वोल दुष्प्रभावो की जानकारी देकर आम जन को आवश्यकता होने पर औषधियो का सेवन करने के लिए जागृत करना है। डॉ. खान ने बताया कि कई बार देखने में आता है कि आम जन मामूली रोग ग्रस्त होने पर ही औषधियो का सेवन करने लग जाता है। कई बार तो बिना चिकित्सकीय सलाह के भी औषधियो का सेवन कर लिया जाता है। जिससे स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव भी देखने को मिल जाता है। इसलिए चिकित्सको एवं उपभोक्ताओंस्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। सेमिनार में सम्मानीय अतिथि के रूप में डीआर किशनलाल बैरवा, कैलाश सोनी, मुंशी खां बेंलिम, सिकोईडिकोन संस्था के शाखा प्रभारी विवेक त्रिपाठी सहित अन्य कई प्रबुद्धजन मौजुद रहू। सेमिनार का संचालन डॉ. नासिर द्वारा किया गया।

## कई दिनों से टूटा हुआ पडा है जयपुर-टोंक की सीमा को दर्शाने वाला बोर्ड

बढ़ता राजस्थान



**निवाई/गूंसी( नि.स. )।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 की जयपुर-टोंक सीमा पर पुलिस विभाग द्वारा जिले की सीमा को दर्शाने वाला बोर्ड लगाया गया था। जो कई दिनो से टूटा पड़ा है जिसकी आज तक ना तो पुलिस व सार्वजनिक निर्माण विभाग ने कोई सुध नहीं ली। जिसके चलते वाहन चालक काफी परेशान है। ट्रक चालकों ने बताया कि टोंक-जयपुर की सीमा को दर्शाने वाले इस बोर्ड पर क्षेत्र के पुलिस थाना के नंबर अंकित है जो इस मार्ग पर सफर करने वालों के लिए बहुत ही लाभदायक है। साथ ही जिले की सीमा की जानकारी भी इसी बोर्ड पर से मिलती है। इस हाईवे पर होने वाली सडक़ दुर्घटना की जानकारी भी इसी बोर्ड पर लिखे मोबाइल नम्बर के मांध्यम से संबंधित पुलिस थाने तक तुरंत पहुंच जाती थी।

# साइकिल चलाकर दिया, पर्यावरण संरक्षण और फिट इंडिया का संदेश

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर (का.स.)।** बच्चा-बच्चा स्वस्थ, छात्र स्वस्थ रहेंगे तभी उनके दिमाग तेज होंगे। भागमभाग की जिदगी में हर किसी को स्वास्थ्य से संबंधित समस्या रहती है। ऐसे में उनके फिट रहने के लिए पैदल चलना और साइकिल चलाना जरूरी है। इसी फिट इंडिया मूवमेंट के तहत रविवार को मारवाड़ी युवा मंच की देशभर में 851 शाखाओं की ओर से साइकिल चली। इसी के तहत जयपुर के सी-स्कीम स्थित महावीर स्कूल से बच्चों, युवाओं, बुजुर्गो, महिलाओं ने साइकिल रैली निकाली और फिट इंडिया के नारे को बुलंद किया।

मारवाड़ी युवा मंच जयपुर कैपिटल व मूमल की ओर से आयोजित साइक्लोथोन-4.0 को मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। साइक्लोथोन के संयोजक ऋषभ बैराठी ने बताया कि पर्यावरण अनुकूल यातायात व्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ फिट इंडिया का संदेश देने के उद्देश्य को लेकर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस साइकिल रैली के जरिए अधिकारियों, व्यापारियों के साथ-साथ 350 से अधिक युवा साइकिलिस्टों ने करीब 7.5 किलोमीटर की दूरी तय की। साइकिल रैली महावीर पब्लिक स्कूल से प्रारम्भ होकर स्टेच्यू सर्किल, पांच बती, अजमेरी गेट, छोटी चौपड़, बड़ी चौपड़, सांगानेरी गेट, अजमेरी गेट व अशोक मार्ग होते हुए पुनः स्कूल में सम्पन्न हुई। सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट, मेडल और नाश्ता उपलब्ध करवाया गया। पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने बताया कि नियमित रूप से साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए तो लाभदायक है ही इसके साथ ही यदि हम अपने छोटे छोटे कार्यों के लिए वाहन को छोड़कर नियमित रूप से साइकिल का उपयोग करते हैं तो यह पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद है, इसलिए हमें अधिक से अधिक नियमित रूप से साइकिल चलाना चाहिए। बोहरा ने कहा कि फिट इंडिया अभियान में साइकिलिंग बड़ी भूमिका निभा सकती है। इसके जरिए हम स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि दैनिक जीवन में साइकिलिंग को शामिल करें। इससे आप स्वस्थ रहेंगे और स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान दे सकेंगे। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़ ने बताया कि शहर में आम लोगों में साइकिल चलाने को लेकर ज्यादा से ज्यादा रुझान बढे, साथ ही शहर में साइकिल चलाने को लेकर एक अच्छा माहौल और सुविधाओं में इजाफा हो इसके लिए मारवाड़ी युवा मंच द्वारा हरसंभंव कोशिश की जायेगी। कार्यक्रम में ज्वेलर्स एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष आलोक सोंकिया, उपाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला, सचिव नीरज लुनावत, जयपुर केपिटल अध्यक्ष निखिल गुप्ता, मूमल अध्यक्ष सपना गुप्ता, साइक्लोथोन के प्रांतीय संयोजक राहुल रावत, राष्ट्रीय संविधान संशोधन समिति के चेयरमैन केदार गुप्ता उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग की 3 दिवसीय सीएमई कार्यशाला का हुआ समापन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान,मानद विश्विद्यालय के पंचकर्म विभाग द्वारा पंचकर्मा प्रोसिजर (स्नेहन स्वेदन) पर 22 से 24 अगस्त तक आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने आयुर्वेद एवं पंचकर्मा की जानकारी देते हुए वर्तमान समय मे पंचकर्म उपक्रमो के मानकीकरण की नितांत आवश्यकताओ पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला की सराहना की। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में पंचकर्म चिकित्सा का बहुत बड़ा महत्व है पंचकर्म के द्वारा कई रोगों के उपचार को किया गया है। पंचकर्म की प्रक्रिया का पूरे देश के एक मानकीकरण होने से आमजन को कई रोगों के निदान में पंच कर्म चिकित्सा पद्धति का लाभ मिल सकेगा। पंचकर्म विभागाध्यक्ष डॉ गोपेश मंगल ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्देश्य पंचकर्म उपक्रमों के मानको को पूरे देश के लिये तैयार किया गया है, जिससे देश में पंचकर्म प्रोसिजर में एकरुपता आए तथा सभी देशवासियों को कई रोगों के निदान में पंचकर्म चिकित्सा का समान लाभ मिल सके। कार्यशाला में स्नेहन स्वेदनकर्म के 36 उपक्रमो का मानकीकण किया गया। राष्ट्रीय कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से 14 विशेषज्ञ सम्मिलित हुए, विशेषज्ञों द्वारा स्नेहन स्वेदन पंचकर्म पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन समारोह मे कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, पंचकर्म विभागाध्यक्ष डॉ. गोपेश मंगल, डॉ. सर्वेश कुमार सिंह, डॉ. क्षिप्रा राजोरिया, डॉ. विपिन तंवर, पंचकर्म वैद्य डॉ. वैभव बापट और डॉ. अनुश्री डी., पीएचडी एवं पीजी के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सजेगा मां राणी सती का दरबार, 1300 महिलाएं निकालेंगी कलश यात्रा

- 27 अगस्त को होगा नारायणी दादी सेवा संघ के 12वें वार्षिकोत्सव का आयोजन
- सवा लाख लड्डुओं से सजेगा मां का दरबार, देशभर से आएंगे मां के भक्त

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** दादी सेविका अरुणा दीदी के सानिध्य में मंगलवार (27 अगस्त) को नारायणी दादी सेवा संघ का 12 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मां राणी सती का दरबार सवा लाख लड्डुओं से सजेगा और 1300 से अधिक महिलाएं कलश यात्रा निकालेंगी।

रविवार को दादी सेविका अरुणा दीदी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि झुंझुनूं जिले में स्थित राणी सती, जिन्हें भक्त दादी मां के नाम से भी जानते हैं। दादी मां को कलयुग की दुर्गा के रूप में पूजा जाता है। इन्हीं दादी मां की सेवा में नारायणी दादी सेवा संघ विगत 12 वर्षों से संचालित हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण के साथ संघ ने देहदान, नेत्रदान, रक्तदान, विद्यादान और अन्नदान का संकल्प लिया है। संघ ने 13,000 पीपल के वृक्ष लगाने का भी संकल्प लिया है, जिसमें से वे अब तक 7,000 पीपल के वृक्ष लगा चुके हैं। अरुणा दीदी ने बताया कि सीकर रोड स्थित रामेश्वरम गार्डन में आयोजित होने जा रहे 12वें वार्षिकोत्सव में नौ दुर्गा के स्वरूप झांकी के रूप में प्रदर्शित किए जाएंगे। अखंड ज्योत के अलावा महा कीर्तन, छप्पन भोग और महा भंडारा भी आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष संघ ने पौधा यात्रा निकाली थी, जिसमें पौधों के साथ 1300 से अधिक महिलाएं शामिल हुई थीं। इस बार कलश यात्रा में राजस्थान के विभिन्न जिलों के अलावा कोलकाता, पटना समेत देश के कई भागों से महिलाएं और भक्त वार्षिक उत्सव में शिरकत करने वाले हैं। वार्षिकोत्सव में बड़ी संख्या में साधु-संत शामिल होंगे। अरुणा दीदी और संघ से जुड़े भक्तों ने वार्षिकोत्सव का पोस्टर भी जारी किया।

## श्री खोले के हनुमान जी की 38वीं विशाल ध्वज पदयात्रा का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर के श्री खोले के हनुमान जी की 38वीं विशाल ध्वज पदयात्रा का आयोजन किया गया। आचार्य राम महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना करके ध्वजा पदयात्रा का शुभारंभ किया। ध्वजा पदयात्रा आमेर में पीली की तलाई स्थित सीताराम मंदिर से रवाना होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई खोले के हनुमान मंदिर पहुची। रास्ते में जगह-जगह ध्वज पदयात्रा का स्वागत किया गया। पुष्प वर्षा करके पदयात्रा का स्वागत हुआ।

हजारों की तादाद में भक्त दण्डवत धोक लगाते हुए नाचते गाते और जय श्रीराम जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल हुए। यात्रा में भगवान बजरंगबली की फूलो की झांकी का रथ सजाया गया। ध्वज पदयात्रा खोले के हनुमान मंदिर में पहुंचने पर भगवान बजरंगबली के ध्वज अर्पित किया गया। आयोजनकर्ता दीपचंद सैनी ने बताया कि इस अवसर पर श्री राम सेवा परिवार समिति की ओर से भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था की गई। भक्तों ने इसका भरपूर आनंद लिया। खोल के हनुमान मंदिर परिसर स्थित गीता आश्रम में भजन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

## जन्माष्टमी पर बदमाशों पर पुलिस की तीसरी आंख से रहेगी नजर : पुलिस कमिश्नर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर शहर में जन्माष्टमी पर होने वाले मेले व आयोजनो पर जयपुर पुलिस द्वारा तीसरी आंख के द्वारा नजर रखने का नवाचार किया गया है। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर में जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित तीन बडे केन्द्र गोविन्द देव जी, इस्कॉन मंदिर मानसरोवर, अक्षय पात्र मंदिर है। जिस पर होने वाले आयोजनों में लाखों श्रद्धालु भाग लेते है। इस भीड-भाड का फायदा उठाकर आपराधिक तत्व सक्रिय हो जाते है। जो भीड़ में जेब काटने, चेन स्नैचिंग, चोरी, मोबाइल स्नैचिंग,मोटरसाइकिल व अन्य वाहन चोरी, छेडछाड जैसी वारदातों को अंजाम देते है। इन वारदातों को रोकने के लिए के लिए जयपुर पुलिस इस बार फेशियल रिकग्निशन टेक्नोलॉजी के माध्यम से ऐसे अपराधियों की धर पकड की जायेगी। इसके लिए सभी मंदिरों मे सीसीटीवी कैमरों के साथ फेस रिकॉग्निशन सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किया गया है। इसमें प्रदेश व अर्न्तराज्यीय सभी अपराधियों का डाटा व फोटो व पूरी कुंडली फीड किये गये है। जब भी ये अपराधी मंदिरों मे पहुंचेगे कैमरा के माध्यम से ये सॉफ्टवेयर तुरंत अलर्ट कर देगा कि उक्त अपराधी आ चुका है। इसके लिए निगरानी के लिए तीनो मंदिरों पर एक एक कन्ट्रोल रूम अलग से बनाकर टीम नियुक्त की गई है। जिसकी सहायता के लिए सादा वस्त्रों में पांच पांच टीमें लगाई गई है। अपराधी के आने का अलर्ट आतें ही कन्ट्रोल रूम द्वारा टीम को सूचित किया जायेंगा। जो अपराधी तुरंत हिरासत में ले लेगी। इस प्रकार आधुनिक तकनीक के माध्यम से कडी नजर रखा जाकर अपराधियों को वारदात करने से पूर्व ही हिरासत में ले लिया जायेगा। इस निगरानी के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि श्रद्धालु बिना किसी भय के कार्यक्रम का आनंद ले सके और इतने बडे आयोजन शांति पूर्वक सम्पन्न हो सके ।

## बाइकर्स गैंग का आंतकः तीन लोगों से छीन ले गए मोबाइल-चेन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। शहर में बाइकर्स गैंग का आंतक बरकरार है। शहर में अलग-अलग स्थानों पर बाइक सवार बदमाश एक महिला व दो लोगों से मोबाइल छीनकर ले गए। पुलिस ने घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी खंगाल कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पारस मार्ग शिवाड़ बापू नगर निवासी सीमा शर्मा ने बजाज नगर थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार से घर जा रही थी। गोपालपुरा पुलिस चौकी के पास पीछे से बाइक सवार बदमाश आया और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गए। घटना 24 अगस्त की है। इस अप्रत्याशित घटना में पीडिता कुछ समझ पाती तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए।

दूसरी घटना में स्वर्णपुरी सिरसी रोड निवासी अजय सोनी ने झोटवाड़ा थाने में मामला दर्ज करवाया कि उसकी पत्नी बाजार से घर लौट रही थी। खतीपुरा रोड पर बाइक सवार दो बदमाश आए और उसकी पत्नी के गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़कर ले गए। यह घटना 21 अगस्त की शाम करीब साढ़े सात बजे की है। घटना के बाद पीडिता ने घर पहुंच कर परिजनों को आपबीती बताई। परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करदी है। तीसरी घटना में बडबर बुहाना निवासी तेजपाल सिंह विद्याधर नगर थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से जयपुर आया था। अग्रसेन अस्पताल के सामने से गुजरने के दौरान पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसे धक्का मार कर गिरा दिया और हाथ से मोबाइल छीनकर ले गए। यह घटना 23 अगस्त की शाम साढ़े चार बजे की है।

### राज्यपाल ने विश्वविद्यालय कुलपतियों के साथ समीक्षा बैठक की

## विश्वविद्यालय नैक एक्रिडिएशन के लिए तेजी से प्रयास करे, गुणवतापूर्ण शिक्षा प्राथमिकता बने : राज्यपाल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/जोधपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी नैक एक्रेडिंग के लिए तेजी से प्रयास करे। उन्होंने गुणवतापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रयास करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर राजस्थान को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय राज्य बनाना है।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को डीआरडीओ सभागार में जोधपुर स्थित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालयों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी ली। साथ ही, इसको और कैसे बेहतर किया जा सकता है के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय उत्कृष्ट और सर्वोच्च ज्ञान के केन्द्र बनें।

बैठक में एम बी एम विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अजय कुमार शर्मा, महात्मा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ कुसुमलता भंडारी, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति, मेडिकल विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति डॉ. एम के आसेरी सहित अन्य विश्वविद्यालय के कुलपति एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जोधपुर जा रहे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भाजपाईयो ने फुलेरा स्टेशन पर किया भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (सत्यनारायण कुमावत )।** जोधपुर मे प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर मोदी का स्वागत करने जारहे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का क्षेत्र के पुर्व विधायक निर्मल कुमावत के नेतृत्व मे सेकडो भाजपाईयो ने फुलेरा रेलवे स्टैशन पर भव्य स्वागत किया। इस दोरान निर्मल कुमावत ने मुख्य मंत्री से कस्बे मे महिला कालेज खोलने, क्षेत्र मे बिजली पानी की समस्या का निदान करने व बसो के ठहराव हेतु बस स्टेण्ड चालू करवाये जाने हेतु आग्रह किया। इस दोरान जयपुर जिला देहात दक्षिण अध्यक्ष राजेश गुर्जर, नरेना देहात मण्डल अध्यक्ष देवकरण गुर्जर, फुलेरा मण्डल अध्यक्ष प्रणव कयाल, विनोद सांभरिया,श्रीमती सरोज ,महावीर जैन,संजय पारीक,पुर्व पालिका अध्यक्ष रतन राजोरा व मनोज आहूजा,राजू दाधीच,संजीव गुप्ता,सुरेश सैनी,संजय वार्ष्णेय,मनीष गगरानी,राधेश्याम शर्मा, ,हरगोपाल साहू,सहित सैकड़ो की संख्या में फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल कार्यकर्ता पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## जन्माष्टमी पर अक्षय पात्र मंदिर जगतपुरा में यह रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। जयपुर शहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अक्षय पात्र मंदिर में हजारों दर्शनार्थियों का जन समूह आएगा।

इस देखते हुए यातायात की विशेष व्यवस्था की गई। जिसके चलते जीवन रेखा अस्पताल तिराहा, महल रोड से अक्षय पात्र चौराहे की तरफ, द्वारकापुरी सर्किल से अक्षय पात्र चौराहे की तरफ और एनआरआई चौराहा से अक्षय पात्र की तरफ आने वाले ट्रैफिक को डायवर्ट कर समानांतर मार्गों से निकाला जाएगा। हरे कृष्ण मार्ग से आने वाले वाहनों की पार्किंग एयू बैंक की खाली भूखंड में होगी।

## अंडरपास में आवारा पशुओं का जमावड़ा वाहन चालक हो रहे है चोटिल..

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (सत्यनारायण कुमावत )।** कस्बे को रेल परिसर ओर आस पास के ग्रामीण इलाको को जोड़ने वाले अण्डर पास मे बीते एक पखवाडे से आवारा मवेशियो की शरण स्थली बनी हुई है। वरिष्ठ नागरिक परिषद के कार्यालय के समीप स्थित इस भुमिगत मार्ग मे दर्जनो गाये ओर नन्दीयो के बेठे रहने से वाहन चालको को आने जाने मे परेशानी उठानी पड़ रही है तथा इनके बेठे रहने से जाम की स्थिती बननी हूई है।इस मार्ग से स्कूली बच्चो ओर महिलाओ को ज्यादा परेशानीया उठानी पड़ रही है। इन पशुओ के हमलो से परेशान होकर ये अण्डर पास के ऊपर जान जोखिम मे डाल कर रेल लाइनो को पार करते हुये आना जाना पडता है। जो रेलवे के नियमो ओर सुरक्षा की दृष्टी से उचित नही है मालुम हो कि जिम्मैदारो को इस स्थिती की पुरी जानकारी है। इनके मूक दर्शक बने रहने से स्कूली बच्चो, महिलाओ ओर वाहन चालको को सम्भावित खतरे की आशंका बनी हुई है।

## जान से मारने की धमकी देकर तीन बदमाशों ने महिला को लूटा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** शिप्रापथ थाना इलाके में तीन बदमाशों ने महिला को जान से मारने की धमकी देकर उससे जेवरात व नकदी लूट कर ले गए। पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार मूलतः बिहार हाल गणेश पुरी कल्यापुरा निवासी चांदनी देवी ने मामला दर्ज करवाया कि वह पैदल ही घर जा रही थी। रीको कांटा पेट्रोल पम्प के पास दो युवकों ने उसे रोका और शनि मंदिर का रास्ता पूछा। उसने शनि मंदिर की जानकारी होने से इनकार कर दिया तो युवकों ने एक कागज जलाया और दूसरा कागज उसके हाथ में रख दिया और बोले की हम जादू मंत्र जानते है। आप इस कागज को खेजड़ी के पेड़ के नीचे रख देना। पीडिता ने यह काम करने से मना कर दिया। इस पर बदमाशों ने उसके पति और बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान बदमाशों का एक और साथी आ गया। तीनों बदमाशों ने कहा कि वह उसके कानों के कुंडल सहित अन्य जेवरात व नकदी निकाल दे दे, वरना उसे जान से मार देंगे। डर के मारे महिला ने अपने जेवरात और नकदी निकालकर बदमाशों को दे दिया। इस पर बदमाश जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गए। घटना 18 अगस्त की शाम की है।

# श्री कृष्ण करुणा के सागर व सच्चे प्रेमी थे : साध्वी संयमलता

बढ़ता राजस्थान



**उदश्पुर ( दिनेश गोठवाल )।** सेक्टर 4 श्री संघ में विराजित श्रमण संघीय जैन दिवाकरिया महासाध्वी डॉ श्री संयमलताजी म. सा.,डॉ श्री अमितप्रज्ञाजी म. सा.,श्री कमलप्रज्ञाजी म. सा.,श्री सौरभप्रज्ञाजी म. सा. आदि ठाणा 4 के सानिध्य में कृष्ण जन्माष्टमी पच्छखान हंडी का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए साध्वी डॉ संयमलता ने कहा भगवान कृष्ण का जन्म मथुरा के कारागृह में हुआ, जहां ना कोई ताली बजाने वाला था ना थाली बजाने वाला। ज्ञानयोग, निष्काम कर्मयोग तथा भक्तियोग की जो त्रिवेणी गीता के माध्यम से श्री कृष्ण ने बुहाई है, वहां अनुपम है। श्री कृष्णा करुणा के सागर थे। वे सच्चे प्रेमी थे, जिन्होंने गोकुल के कण-कण से प्रेम किया। प्रेम ऐसा जिसमें सिर्फ प्रेम ही था, वासना का तो उसमें कोई स्थान नहीं था । श्री कृष्णा गुणग्राही महापुरुष है। वे बुराई में भी अच्छाई ढूंढने का प्रयत्न करते रहते थे। वे शांति के प्रबल पक्षधर थे। आगामी चौबीसी में श्री कृष्ण अमम नाम के 12वे तीर्थंकर बनेंगे। साध्वी ने आगे कहा कृष्ण के एक हाथ में मुरली थी जिसे बजाकर सबको खुश करता था। गोपी बनकर गौ माता को अपने पास बुला लेता। दूसरे हाथ में चक्रव्यूह था जिससे द्रोपदी का चीर बढ़ाकर लाज बचाई थी। कृष्ण मुरारी को मानव से तो प्यार था ही, पशुओं से भी था। गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठा लिया था। साध्वी सौरभप्रज्ञा ने कहा भक्तों के वश में भगवान तभी होते हैं जब श्रद्धा और आस्था में दम होता है। श्रद्धा में यदि जान है तो भगवान तुमसे दूर नहीं। पाठशाला के बच्चों द्वारा राधा कृष्ण पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। कौन बनेगा राधा कृष्ण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें 250 से अधिक सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

पच्छखान हांडी का भव्य आयोजन हुआ जिसमें पंच परमेष्ठी की पांच हांडी जिसमें जीवन निर्माण के सरल प्रत्याख्यान थे एवं भिवंडी निवासी कमलेश बोरदिया परिवार द्वारा 15 रजत पुरस्कार एवं एक स्वर्ण बंपर पुरस्कार का आयोजन किया गया। ष्हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की नारों से जैन स्थानक भवन गूंज उठा।

## भामाशाहों से रतनगढ़ जिला हॉस्पिटल को मिलेंगे एक करोड़ से अधिक के संसाधन

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( नि.स. )।** रतनगढ़ के सेठ सूरजमल जालान राजकीय जिला हॉस्पिटल में शीघ्र ही हड्डियों से जुड़े विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन होने शुरू हो जाएंगे। इसके लिए आवश्यक विश्वस्तरीय एलेंजर कम्पनी की सी-आर्म मशीन सहित अन्य एसेसरीज शीघ्र ही हॉस्पिटल को भामाशाहों द्वारा उपलब्ध करवा दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि इन संसाधनों के अभाव में लगभग सभी प्रकार की ऑर्थोपेडिक सर्जरी के लिए मरीजों को रेफर किया जाता रहा है जिसके चलते मरीजों को अनावश्यक आर्थिक एवं मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब यह मशीनरी लगने से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। हड्डियों से जुड़ी सभी मशीनरी हेतु अरूण अजीतसरिया एवं हर्ष अजीतसरिया द्वारा अपने परिवार के किशनदयाल रामेश्वर चैरिटी ट्रस्ट कोलकाता के माध्यम से 26 लाख 35 हजार की राशि उपलब्ध करवाई गई है, जिससे मशीन खरीदने की प्रकिया प्रारम्भ कर दी गई है। भामाशाह प्रेरक एवं सचिव श्री गांधी बाल निकेतन राजीव उपाध्याय द्वारा अपने पिता शिक्षाविद् चम्पालाल उपाध्याय द्वारा शैक्षिक विकास के लिए जीवनभर किये गये कार्यों की परम्परा को आगे बढ़ाने की दृष्टि से भामाशाहों के सहयोग से सरकारी विद्यालयों में इन्टरेक्टिव बोर्ड लगवाये जाने की परियोजना चलाई जा रही है जिसके अन्तर्गत अब तक रतनगढ़, सुजानगढ़ एवं चूरू की सभी चयनित सरकारी स्कूलों में राशि रूपये 2 करोड़ 85 लाख रूपये के 180 इंटरेक्टिव बोर्ड लगवाये जा चुके हैं। इसी प्रकार सरकारी हॉस्पिटलों में आवश्यक मशीनरी उपलब्ध करवाने का कार्य यह मशीनरी उपलब्ध करवाकर रतनगढ़ से प्रारम्भ किया जा रहा है। अगले चरण में यहां जनरल सर्जरी हेतु लगभग 1 करोड़ रूपये की लेप्रोस्कॉप, एसेसरीज एवं लेजर मशीन के साथ साथ ईएनटी विभाग हेतु अत्याधुनिक मशीनरी उपलब्ध करवाई जायेगी।

## लोगों को समाज के मुख्य धारा से जुड़ना है : राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** बिहार समाज संगठन की ओर से बैठक आयोजित किया गया । जयपुर के वैशाली नगर स्थित बजरी मंडी रोड होटल रितु पैलेस पर बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन शर्मा ने किया। जिसमें बिहार के मुख्य रूप से जयपुर जिला में रह रहे डॉक्टर एवं उनसे संबंधित डायग्नोस्टिक सेंटर, पैथ लैब, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव,समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित हुए। समाज से लोगो को जोडना । जयपुर के तमाम कॉलोनी, वार्ड, एवं विधानसभा के हिसाब से लोगों को जोड़ना है । लोगों को समाज के मुख्य धारा से जुड़ना है समाज की ओर से असाहय व्यक्ति को किसी प्रकार के घटना होने पर इंश्योरेंस की राशि प्रदान किया जाएगा। जगह-जगह आई कैंप एवं ब्लड कैंप का आयोजन किया जाएगा । हर क्षेत्र में समाज की गतिविधि पर विचार विमर्श किया गया । जिसमें जयपुर में रह रहे डॉक्टर ने मुख्य मुद्दों पर चर्चा किया गया । जिसमें जयपुर की डॉक्टर दिलीप कुमार सिंह, डॉक्टर उमेश कुमार , डॉक्टर उदय कुमार, डॉक्टर अरविंद कुमार ओझा, पैथ लैब से नीरज कुमार, प्रीतम कुमार पंडित, सुशील कुमार, चंदन रावत, राहुल शर्मा, राम आशीष प्रजापति, प्रदेश संगठन मंत्री सुशील कुमार सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा,प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश पंडित राष्ट्रीय महामंत्री चंदन कुमार मंडल सहित कार्यकर्ता मुख्य रूप से बैठक में भाग लिये । उपस्थित सभी सदस्यों ने सुझाव देते हुए समाज को मुख्य धारा से जोड़ने पर विचार व्यक्त किया किसी भी समस्या से ग्रसित होने पर समाज उस व्यक्ति को मदद करेगा । सदस्य बनने पर समाज की ओर से आई कार्ड दिया जा रहा हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन शर्मा ने उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## इनरव्हील दिवास ने किया विशाल रक्त दान शिविर का अयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदश्पुर ( नि.स. )।** रविवार को इनर व्हील क्लब ऑफ उदयपुर दिवास ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भुवाणा में विशाल रक्तदान शिविर का अयोजन किया। प्रेसिडेंट नयना जैन ने बताया कि शिविर में क्लब कि सदस्यों के साथ साथ उनके परिजनों ने भी रक्त दान किया और कुल 71 यूनिट रक्तदान हुआ। विशिष्ट अतिथियो में उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन और भाजपा ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा उपस्थित रहे।शिविर में स्काउट लीडर सुरेश प्रजापत के 52 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्काउटस ने भी भारी मात्रा में रक्तदान किया। क्लब की फाउंडर प्रेसिडेंट रेखा भाणावत ने बताया कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और इनर व्हील दिवास हर साल रक्तदान शिविर आयोजित करता हैं। शिविर में आशा श्रीमाली, समीक्षा खंडेलवाल ,शशि मेहता, ललिता बापना,ममता रांका,आशा नवेडिया, जयश्री जैन, शैफाली मेहता, पायल जैन,बेला व्यास, लीना पटेल,सारिका मोदी,सुशी पालीवाल,सीमा भंडारी आदि उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब उदयपुर अचीवर्स ने योग व स्लोगन दिवस का किया आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**उदश्पुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरी क्लब अचीवर्स की ओर से आज प्रात:नीमज माता पर योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पतंजलि योगपीठ के योगी अशोक जैन, पूरन सिंह राठौड़, भानु जैन, प्रेम जैन, मंजू शर्मा, सीमा जैन ने योग के बारे में सभी को बताया। इस अवसर पर क्लब की तरफ सेकुछ महत्वपूर्ण संदेश कार्ड बांटकर दिए गए। क्लब अध्यक्ष डॉक्टर जितेंद्र बहल ने बताया कि इसमें मुख्यत:शहर को स्वच्छ रखने, जल को बचाने, प्लास्टिक का उपयोग न करने, पेड़ पौधे लगाने, कन्याओं को शिक्षा देने, महिलाओं का सम्मान करने,और बुजुर्गो का सम्मान करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर क्लब के समस्त सदस्य श्रीमती मधु सरीन ,वरिष्ठ सदस्य प्रमिला बहल,सेक्रेटरी हिमांशु कौशल,चार्टर प्रेसिडेंट अल्केश पवार, चार्टर सेक्रेटरी पंकज शर्मा, डॉ ज्योत्सना कुमावत सभी का सहयोग रहा। नीमज माता मंदिर में उपस्थित आदरणीय चेतन शर्मा व संगीता शर्मा का भी इसमें सहयोग रहा।

## सुर संगम के विद्यार्थियों ने मुबंई में मचायी नृत्य की धमाल, 13 पुरूस्कार जीतें

बढ़ता राजस्थान

**उदश्पुर ( नि.स. )।** अंतर्राष्ट्रीय नृत्य परिषद के सदस्य अनास इंडिया द्वारा मुंबई में आयोजित अखिल नटराज अनंत सांस्कृतिक संघ के अखिल भारतीय 14वें सांस्कृतिक राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता एवं महोत्सव में सुर संगम संगीत एवं नृत्य अकादमी के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर धमाल मचा दिया है। सुर संगम ने एकल, समूह और युगल प्रदर्शन सहित कुल 13 पुरस्कार जीते। नृत्य गुरु रेनू गोरर को नृत्य अविष्कार पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

## शिवकुमार बुटेरी विजयवर्गीय वैश्य राजसेवक परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** विजयवर्गीय वैश्य राजसेवक परिषद के अध्यक्ष पद के चुनाव रविवार को बड़े धूमधाम से संपन्न हुए, इस चुनाव में शिवकुमार विजय बुटेरी को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। । यह चुनाव परिषद की आगामी योजनाओं और दिशा-निर्देशों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। चुनाव प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी मोहनलाल विजय ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिवकुमार बुटेरी को शपथ दिलाई। इस अवसर पर सहायक चुनाव अधिकारी नरेंद्र कुमार गुप्ता, श्रीमती सुमन विजय, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र नारायणपुर वाले, विशंभर दुब्बी वाले, नंदकिशोर बसवा और अन्य गणमान्य सदस्य भी उपस्थित थे। शिवकुमार विजय बुटेरी ने अपनी नई भूमिका स्वीकार करते हुए परिषद की प्रगति और विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने सभी सदस्यों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि वे पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाह करेंगे। इस चुनाव के साथ ही, परिषद के नए नेतृत्व के तहत कई नए योजनाओं और पहलों की शुरुआत की जाएगी, जो समाज और संगठन की बेहतरी के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगी।

## उदयपुर की डॉ चंद्रकला चौधरी दिल्ली में दादा साहब फाल्के आइकोनिक सम्मान से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**उदश्पुर ( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर के कथक आश्रम की निदेशक डॉ चंद्रकला चौधरी को दिल्ली में डीपीआईएएफ (भारत दुबई)आयोजित नेशनल सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। डीपीआईएएफ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह दिल्ली के आंध्रा एसोसिएशन लोधी रोड गोकुलपुरी में आयोजित किया गया। समारोह में कई फिल्म जगत की हस्तियों सहित राजनेताओं ,पूर्व आईपीएस अधिकारी मौजूद रहे। डॉ.चंद्रकला चौधरी को ये अवार्ड उनकी कला के क्षेत्र में नेशनल व इंटरनेशनल योगदान के लिए दिया जा रहा है। इस से पहले भी चौधरी को कई इंटरनेशनल अवार्ड मिल चुके है जो उदयपुर के लिये ये गौरव की बात है। यह अवार्ड उनको उनके 18 वर्षो से कला के क्षेत्र में निरन्तर उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने हेतु दिया जाएगा। इस समारोह में फ़िल्मी जगत की कई जानी मानी हस्तियाँ भी शिरकत लेगी अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय अवार्डी डॉ चंद्रकला चौधरी ने कला को समर्पित कर कई युवाओ इंटरनेशनल मंच पर पहचान दी।

## मेजर ध्यानचंद की स्मृति में खेल सप्ताह का आयोजन सोमवार से

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस 29 अगस्त को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में इस बार 26 अगस्त से 31 अगस्त तक खेल सप्ताह का आयोजन कर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में रविवार को कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार खेल सप्ताह का बेहतरीन आयोजन सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला कलक्टर ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं लोहिया कॉलेज प्राचार्य को फिट इंडिया मोबाइल एप्लीकेशन पर सभी कॉलेज एवं विद्यालयों का रजिस्ट्रेशन करवाए जाने तथा खेलों के फोटो-वीडियो अपलोड करवाने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही उन्होंने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को ग्राम स्तर तक इन खेलों के आयोजन के लिए कहा। जिला कलक्टर ने इस संबंध में सीडीईओ को नोडल तथा जिला खेल अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला कलक्टर ने इन खेलों के अधिकतम प्रचार-प्रसार के निर्देश प्रदान किए हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

एडीएम उत्तम सिंह शेखावत ने बताया कि खेल सप्ताह अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रमों के अनुसार 26 अगस्त को 2 से 5 किमी दौड़ तथा खेल मैदानों को व्यवस्थित करने करने के लिए श्रमदान का आयोजन होगा। 27 एवं 28 अगस्त को पारंपरिक खेलों सतौलिया, रस्सा-कस्सी, रूमाल झपट्टा (बालिका वर्ग), गिल्ली-डंडा, कुश्ती, कबड्डी, खो-खो एवं तीरंदाजी खेलों का आयोजन किया जाएगा।

29 अगस्त को प्रभात फेरी व हॉकी मैचों का आयोजन किया जाएगा। 30 अगस्त को वॉक/रेस, वॉलीबॉल, फुटबाल, टेनिस बॉल क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज आदि आयोजन होंगे। 31 अगस्त को बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, रोप जंपिंग, लेमन रेस, सर्कल रेस, लांगोरी व लंगड़ी व प्लांक चैलेंस आदि खेलों का आयोजन होगा।बैठक में सीडीईओ जगवीर यादव, डीईओ माध्यमिक गोविंद सिंह राठौड़, डीईओ प्रारंभिक संतोष महर्षि सहित शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं खेल विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर से ट्रेन द्वारा जोधपुर रवाना यात्रा के दौरान विभिन्न स्टेशनों पर हुआ भव्य स्वागत

### मुख्यमंत्री ने सादगी के साथ यात्रियों से किया संवाद - बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद, बच्चों को किया दुलार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार सुबह जयपुर रेलवे स्टेशन से जयपुर-जोधपुर इंटरसिटी सुपरफास्ट ट्रेन द्वारा जोधपुर के लिए रवाना हुए।

यात्रा के दौरान शर्मा ने ट्रेन की अलग-अलग बोगियों में जाकर यात्रियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर लोगों हर्षित हो उठे। बच्चों, युवाओं और महिलाओं में उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ नजर आयी। इस दौरान उन्होंने बुजुर्ग यात्रियों के बीच जाकर उनसे बातचीत की और आशीर्वाद लिया तथा बच्चों को दुलार किया। ट्रेन के विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव के दौरान मुख्यमंत्री का स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। नांवा सिटी में राजस्व राज्यमंत्री श्री विजय सिंह के नेतृत्व में श्री शर्मा का स्वागत किया गया। इसके अलावा फुलेरा, कुचामन सिटी, मकराना, डेगाना एवं मेड़ता रोड सहित अन्य स्टेशनों पर भी मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया। इससे पहले जयपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर मंडल रेलवे प्रबंधक श्री विकास पुरवार, स्टेशन डायरेक्टर श्री मिहिर देव, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्रीमती भवप्रीता सोनी सहित अन्य रेलवे अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

## मनोवैज्ञानिक डॉ.अंजू गिरी ने किया विदेशी छात्रों का मनोविश्लेषण



बढ़ता राजस्थान

**उदश्पुर ( नि.स. )।** यूरोप से भारत घूमने आये स्कूल कॉलेज के पेरिस के 40 से अधिक छात्र-छात्रों को होटल रघुमहल में आयोजित के कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य की महता बतायी।

उदयपुर की डॉ.अंजू गिरी ने मेंटल वेलनेस एंड लाइफ विषय पर इन विदेशी छात्रों का सेशन लिया। कार्यक्रम में 50 विदेशी छात्रो ने हिस्सा लिया। प्रोग्राम संयोजक एनआरआई बेदी और दिल्ली के रवि चोल थे। डॉ गिरी ने फ्रेंच भाषा में रिलेशनशिप हाइजीन और क्रिटिकल परिस्थिति में धैर्य और संयम रखने पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम में महीप झाला और संदीप सिंह का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।

## अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना 626 वें दिन भी रहा जारी



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना रविवार को लगातार 626 वें दिन भी मंदिर प्रांगण में बदस्तुर जारी रहा। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि जोधपुरा (मोहनपुरा) की सघन आबादी, बसावटों व माध्यमिक विद्यालय से 82 मीटर की दूरी पर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा पत्थर पीसने के क्रेशर से निकलने वाले धूल धूयें से गांव में धुंध व कोहरे जैसा वातावरण हो जाता है। जिससे ग्रामीणों को सांस लेने में भी परेशानी महसूस होती है। गांव में चर्म रोग, एलर्जी, दमा, श्वांस जैसी बिमारियां आम हो गई है। इस दौरान समिति अध्यक्ष सत्यम सुरेलिया, उपाध्यक्ष सतपाल यादव, सचिव कैलाश यादव, हरभगत कम्पाउंडर, प्रभुदयाल वर्मा, मदन योगी, लीलाराम यादव, सूबेसिंह मीणा, विजय यादव, निहाल सिंह यादव, कानाराम यादव, जयराम यादव, भूपसिंह धानका, रोहिताश योगी, रामनिवास अध्यापक, विजय यादव, मोहर सिंह योगी समेत ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।

## अतिथि अनुदेशक पद के लिए आवेदन मांगे

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानमें विभिन्न व्यवसायों के लिए अनुदेशक के रिक्त पदों के लिए अतिथि अनुदेशक के आवेदन मांगे गए हैं।

आईटीआई उपनिदेशक इरशाद खान ने बताया कि संस्थान में विद्युतकार, मैकेनिक इलैक्ट्रोनिक्स, वायरमैन, पलम्बर, मैकेनिक डीजल, फीटर, मैकेनिक आर एण्ड एसी, सोलर टेक्नीशियन तथा कार्यशाला गणना एवं विज्ञान, इंजिनियरिंग ड्राईंग, एम्प्लोयबिलिटी स्किल, आई.टी. लेब इत्यादि व्यवसायों के रिक्त पदों पर सत्र 2024-25 के लिये अतिथि अनुदेशक हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

## राजपूत महासभा संस्थान ने सायर देवी चौहान की स्मृति में दूसरी बार किया रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**उदश्पुर( नि.स. )।** राजपूत महासभा संस्थान, उदयपुर संभाग के तत्वाधान में स्वर्गीय सायर देवी चौहान की स्मृति में दूसरे रक्तदान शिविर भटियानी चोहह्टा स्थित भट्टमेवाड़ा का नोहरे में आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सभी बड़े बुजुर्ग और युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान राजपूत महासभा संस्थान के संगठन सचिव लोकराज सिंह ने बताया की 60 यूनिट रक्तदान किया गया है साथ ही महासचिव प्रदीप सिंह भाटी ने भी रक्तदान किया। उन्हेंाने बताया कि आगे भी राजपूत समाज रक्तदान करता रहेगा।

# शिक्षा मंत्री बच्चों से बोले- अच्छे से लिखना-पढ़ना, कृष्णम भोज पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की; बालिकाओं को मिली गुड टच-बैड टच की जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** अलवर के निकट बहादरपुर के राजकीय बालिका उमावि में कृष्णम भोज और श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बच्चों से वीडियो कॉलिंग कर सैकड़ों बच्चों से बात कर उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चे भी मंत्री से बात करते हुए बड़े उत्साह से जवाब देते रहे। स्कूल प्रांगण में कृष्ण भोज का आयोजन गिरधारी जोशी के परिवार के जरिए किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला महा मंत्री भविक जोशी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर शिक्षा मंत्री से बात कराई। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बच्चों आज आप सब अच्छा भोजन करेंगे। इसके साथ अच्छे से पढ़ना और लिखना है। ताकि अच्छे से आगे बढ़ सकेंगे। सबको बहुत शुभकामनाएं। बच्चों ने एक आवाज में शिक्षा मंत्री को धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला प्रवक्ता जितेंद्र गोयल ने बालिकाओं को भविष्य में आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। जिला महामंत्री भाजयुमो भाविक जोशी ने बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा गुड टच बेड टच की जानकारी होने की बात कही। नगर पालिका अध्यक्ष संजय गर्ग ने अभिनव कार्यक्रम की प्रशंसा की। पीईईओ मेहताब सिंह चौधरी ने बालिकाओं को आयोजन के उद्देश्य को व्यापक रूप से समझाया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने बालिकाओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। उप प्रधानाचार्य इब्राहिम खान ने भी विचार व्यक्त किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या कृष्ण चंदेल ने कस्बे के जोशी परिवार के सदस्यों तथा आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# मोटा पैसा कमाने का लालच देकर महिला से ठगे पौने पांच लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** एयरपोर्ट थाना इलाके में मोटा कमाने का लालच देकर एक महिला से पौने पांच लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीडिता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। थानाधिकारी मोतीलाल ने बताया कि निधी जैन(43) ने मामला दर्ज करवाया कि उसका इंस्टाग्राम पर अकाउंट है और उसी अकाउंट में उसकी एक महिला से दोस्ती हुई। जिसे इंस्टाग्राम से पैसा कमाने का लालच दिया। पीड़िता ने महिला के कहने पर इंस्टाग्राम पर भेजे उसके लिंक को डाउनलोड किया। पैसा कमाने के फेर में खुद के सेविंग का 4 लाख 78 हजार रुपए गवां दिए। थानाधिकारी ने बताया कि पीडिता निधि जैन को जैसे ही खुद के साथ धोखाधड़ी समझ में आई उसने सीधे पुलिस से सम्पर्क किया। पुलिस ने आरोपी महिला के इंस्टाग्राम अकाउंट की डिटेल निकाली। वहीं महिला के संबंध में जानकारी साइबर टीम के माध्यम से जुटाई जा रही है।

# नाबालिक लड़की से सामूहिक दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** करधनी थाना इलाके में परिचित युवकों द्वारा मिलने बुलाकर एक नाबालिग लड़की से होटल में सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि करधनी निवासी 17 वर्षीय एक लड़की ने मामला दर्ज करवाया कि सामूहिक दुष्कर्म करने वाले तीनों लड़कों को वह पहले से जानती है। परिचित होने के कारण आरोपियों से उसकी बातचीत होती रही है। डरा-धमकाकर आरोपियों ने मिलने के लिए उसे बुलाया। मिलने जाने पर उसे निवारू रोड स्थित एक होटल में ले गए। होटल के रुम में तीनों आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारने की धमकी दी। जबरन गैंगरेप के दौरान आरोपियों ने अपने मोबाइल में अश्लील वीडियो बना लिए। आरोपियों ने छोड़ने से पहले किसी को बताने पर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। डरी-सहमी नाबालिग पीड़िता ने परिजनों को जैसे-तैसे आपबीती सुनाई। थाने में तीनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पोक्सो और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ट्रैफिक कर्मियों को पिलाई एंटीवायरल दवा



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रविवार को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए पशु पक्षी पर्यावरण सुरक्षा समिति के संस्थापक महात्मा प्रेमनाथ ने यातायात पुलिस थाने पहुंचकर यातायात कर्मियों को एंटीवायरल दवा पिलाई । महात्मा प्रेमनाथ शर्मा ने बताया कि इन दिनों मौसमी बीमारियां का जोर है ऐसे में स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए रविवार को यातायात पुलिस कर्मियों को होम्योपैथिक की एंटीवायरल दवा पिलाई ताकि पुलिसकर्मी स्वस्थ रहें और वायरल फीवर से बचे रहे । इस दौरान यातयात प्रभारी हरिओम मीना भी मौजूद रहे।

# बीडीएम जिला अस्पताल में सभी कमरों को नये नम्बर किये आवंटित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** कोटपूतली के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में एक ही नम्बर के अनेक कमरे होने के कारण चिकित्सालय में आने वाले मरीजों की असुविधा को देखते हुये सभी कमरों को नये नम्बर आवंटित किये गये है। पीएमओ डॉ. चैतन्य रावत ने बताया कि ट्रोमा सैंटर विभाग के कक्ष नं. 01 चिकित्सक ड्युटी कक्ष, 02 रजिस्ट्रेशन कक्ष, 03 ड्रेसिंग रूम, 04 अस्थि रोग विभाग ओपीडी, 05 ट्रोमा वार्ड, 06 फिजियोथेरेपी कक्ष, 07 आपातकालीन चिकित्सक कक्ष, 08 आर्थोपेडिक वार्ड, 09 ट्रोमा सैंटर, 10 एक्सरे कक्ष व कक्ष 11 से 16 तक ट्रोमा सैंटर ऊपरी भवन, 17 ब्लड सैंटर, 18 मेडिकल इमरजेंसी, ओपीडी व अन्य विभाग के कक्ष नं. 19 मेडिसन ओपीडी, 20 इंजेक्शन एवं डॉग बाईट कक्ष, 21 व 22 मेडिसन ओपीडी, 23 जनरल ओपीडी, 24 डेंटल ओपीडी, 25 रजिस्ट्रेशन कक्ष ए व बी, 26 नेत्र ओपीडी, 27 व 28 प्रयोगशाला, 29 आयुर्वेद, 30 चर्म रोग, 31 नाक, कान व गला, 32 व 33 सर्जरी विभाग, 34 टुनाट लैब, 35 ई उपकरण एवं टेलीमेडिसिन, 36 आईसीटीसीध्एआरटी सैंटर, 37 मेडिकल ज्यूरिष्ठ विभाग, 38 ऑडियोमेट्री कक्ष, 39 लैब सैम्पल संग्रहण कक्ष, 40 प्रमुख चिकित्सा अधिकारी कक्ष, 41 उप नियंत्रक कक्ष, 42 आईपीएचएल लैब, 43 नेत्र जाँच कक्ष, 44 एनसीडी क्लिनिक व ईसीजी कक्ष, 45 दंत विभाग ओपीडी व प्रोसिजर कक्ष, 46 सोनोग्राफी कक्ष एवं रेडियोलोजिस्ट विभाग, 47 एक्सरे कक्ष, 48 डेंटल एक्सरे कक्ष, 49 डेंटल एक्सरे मशीन, 50 व 51 मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना रजिस्ट्रेशन कक्ष, 52 लैबोरेट्री स्टोर, 53 नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय, 54 विधुत पैनल कक्ष, 55 सर्जिकल वार्ड, 56 सर्जिकल स्टोर, 57 पुराना एल्यूमिनियम कबाड़ स्टोर, 58 ऑपरेशन थियेटर सर्जिकल, 59 पुरूष मेडिकल वार्ड, 60 रामाश्रय (वृद्धजन वार्ड), 61 कैदी वार्ड, 62 स्टोर (मेल मेडिकल वार्ड), 63 स्टोर, 64 आईसोलेशन वार्ड, 65 रोकड़ शाखा, 66 आरएमआरएस स्टोर, 67 पीएमओ कार्यालय, 68 प्रमुख चिकित्सा अधिकारी कक्ष, 69 संस्थापन शाखा, 70 लेखा शाखा, 71 रिकॉर्ड रूम, 72 अभिलेख कक्ष (रिकॉर्ड रूम), 73 व 74 पीएमओ कार्यालय कक्ष, 75 लॉण्ड्री कक्ष, 76 औषधि भण्डार (एमएनडीवाई सब स्टोर), 77 स्टोर (फिमेल मेडीकल वार्ड), 78 ओपीडी स्टोर, 79 सैन्ट्रल स्टोर, 80 फिमेल मेडीकल वार्ड, 81 आईसीयू, 82 व 83 स्टोर आईसीयू अंकित किये गये है।

# रोटरी क्लब अलवर द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं ब्लड डोनेशन कैंप संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** रोटरी क्लब अलवर और शेल्बी हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को अपनाघर शालीमार के पास गाँव रायसिस स्थित होपवेल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर पर एक विशाल निशुल्क हृदय, मस्तिष्क, कैंसर, जोड़ हड्डी और सामान्य रोग चिकत्सा जाँच और परामर्श शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक हुआ । जिसमे शेल्बी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम जिसमे डॉ अंकित गुप्ता वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ सुधीर पलसानिया, वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ, डॉ नितिन गुप्ता वरिष्ठ मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष वैष्णव हड्डी और जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ निरंजन सिंह वरिष्ठ सामान्य रोग विशेषज्ञ और डॉ अमृत लाल जाटव सीनियर फिजिशियन ने की ने आसपास के 15 गाँवों के करीब 517 मरीजो की स्वास्थ्य जाँच की और उनकी बीमारी के अनुसार दवाइयाँ दी गयी , इस दौरान कई तरह की जांचे भी जैसे ब्लड शुगर, थाइरॉइड, बीएमडी, ईसीजी, हीमोग्लोबिन, बीपी निशुल्क की गयी । साथ ही एक रक्तदान शिविर का आयोजन भी हुआ जिसमे कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा 9 यूनिट ब्लड डोनेशन किया गया द्य कैंपस मे स्थित कॉलेज/ स्कूल ऑफ नर्सिंग हरीश हॉस्पिटल, होपवेल फर्मासि कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा आये हुए मरीजो को विभिन्न तरह की स्वास्थ्य शिक्षा भी दी गयी और कैंप मे अपना सहयोग दिया । इस दौरान रोटरी क्लब के कई पदाधिकारी जैसे सेक्रेटरी मुकुंद गुप्ता, नरेश गोयल दीपकमल अरोड़ा हर्ष गुप्ता राकेश खन्ना, सुमित गुप्ता ,कुमार आहूजा, पुनीत भाटिया नील जैन अंकित जैन, ललित कुमार, मनीष जैन, रुचि जैन, ममता खन्ना ,श्री विकास गुप्ता , आदी मौजूद रहे । कैंप मे सहयोग करने वाले सभी डॉक्टर्स की टीम और कार्यकर्ताओ को मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया , हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास गुप्ता और विवेक गुप्ता ने सभी का आभार जताया। हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य जाँच के कैंप कई बार लगाए जाते रहे है , आये हुए सभी मरीजो ने इस कैंप की भूरि भूरि प्रशंसा की और भविष्य मे इस तरह के और भी कैंप लगाने का आग्रह किया।

# पडौसी ने घर में घुसकर की नाबालिग से छेड़छाड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शिवदासपुरा थाना इलाके में पडौसी युवक द्वारा घर में घुसकर नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। जांच एसआई जगदीश प्रसाद ने बताया कि शिवदासपुरा की रहने वाली 17 वर्षीय एक लड़की ने मामला दर्ज करवाया कि शुक्रवार सुबह उसके मम्मी-पापा अपने काम पर चले गए। वह अपनी बहन के साथ घर पर ही थी। आरोप है कि कॉलोनी में रहने वाला लड़का उसे घर में अंदर घुस आया। घर में परिजनों के नहीं होने की देखकर उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर भी जबरन उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने के दौरान उसे मारने की धमकी देकर भाग निकला। परिजनों के घर लौटने पर नाबालिग पीड़िता ने आरोपी पड़ोसी की करतूत के बारे में बताया। थाने में परिजनों के साथ पहुंची पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अवैध बजरी ले जा रहा 22 चक्का ट्रक जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार, सदर पुलिस ने एमपी से यूपी जाते समय पकड़ा



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट से प्रतिबंधित चंबल बजरी को लेकर कार्रवाई करते हुए सदर पुलिस में एक 22 चक्का ट्रक को जब्त किया हैं। चंबल बजरी से भरे हुए ट्रक को जब्त करने के साथ पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया हैं। जो शातिराना तरीके से बजरी के ऊपर तिरपाल डालकर मध्यप्रदेश से उत्तरप्रदेश की ओर जा रहे थे।

चंबल बजरी को लेकर कार्रवाई करते हुए सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग एक 22 चक्का ट्रक में चंबल बजरी भरकर मध्यप्रदेश से उत्तरप्रदेश के आगरा जिले की ओर जा रहे हैं। जिस सूचना पर पुलिस की टीम में सदर थाने के चौराहे पर नाकाबंदी शुरू कर दी। मुखबिर द्वारा बताए गए ट्रक को रोकने के बाद पुलिस ने जब ट्रक पर रखी तिरपाल को हटाया, तो उसमें सुप्रीम कोर्ट से प्रतिबंधित चंबल बाजरी भरी हुई मिली। जिस पर पुलिस ने ट्रक को वन्य जीव अधिनियम के तहत जब्त कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने ट्रक के साथ दो आरोपी राजू (38) पुत्र मोहन सिंह कुशवाह निवासी तसीमों सैंपऊ के साथ सोनू (26) पुत्र सौदान सिंह जाट निवासी सरानी थाना सदर को गिरफ्तार किया हैं। जिनके खिलाफ वन्य जीव अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बसेड़ी रोड़ के बामनी पुल के पास बाइकों में हुई भिड़ंत, एक बाइक पर सवार दो सगे भाई घायल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर की बसेड़ी रोड पर बामनी नदी पुल के पास रविवार को दिन में बाईकों में आमने-सामने भिड़न्त का मामला सामने आया है। दुर्घटना में एक बाइक पर सवार दो सगे भाई घायल हुए हैं जिनमें से एक की हालत गंभीर होने पर धौलपुर जिला अस्पताल रेफर किया है। वहीं दूसरे घायल का उपचार में बाड़ी अस्पताल में जारी है। दुर्घटना में दूसरी बाइक पर सवार लोग भी चोटिल बताए गए है। लेकिन वे अस्पताल नहीं पहुंचे हैं और बाइक को लेकर मौके से गायब हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार बाड़ी शहर के रावत पाड़ा निवासी घायल राजकुमार और जोगिंदर पुत्र कर्ण सिंह बसेड़ी में किसी के पास अपनी दुकान की उधारी के पैसे लेने बाइक से जा रहे थे। इस दौरान जैसे ही दोनों भाई बामनी नदी पुल के पास पहुंचे। बसेड़ी की ओर से बाड़ी आ रही दूसरी बाइक से उनकी भिड़न्त हो गई। दुर्घटना में दोनो बाइक सवार सड़क पर गिर गए और लेकिन कुछ देर बाद दूसरी बाइक पर सवार दोनों युवक बाइक लेकर मौके से गायब हो गए।

वही दूसरी बाइक पर सवार बाड़ी के रावत पाड़ा निवासी राजकुमार पुत्र कर्णसिंह और उसका छोटा भाई जोगिंदर पुत्र कर्णसिंह घायल हुए हैं। जिनमें से राजकुमार की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है वहीं योगेंद्र का उपचार बाड़ी अस्पताल में जारी है।

## शहर के ब्रह्माकुमारी आश्रम पर हुआ आयोजन

# दादी प्रकाशमणि का 17 वां पुण्य स्मृति दिवस विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र पर रविवार को राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि का 17 वां पुण्य स्मृति दिवस,विश्व बंधुत्व के रूप में मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने दादी प्रकाशमणि के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रदान की। इस मौके पर केंद्र की संचालिका अंबिका बहन ने दादी प्रकाशमणि की सेवा,समर्पण को याद किया और मोके पर मौजूद लोगो को आश्रम से जुडी जानकारी दी गई। इस मौके पर अंबिका दीदी के अलावा रेनू, दीदी, प्रीति बहन,राखी बहन,राधा बनी बहन भारती और कृष्ण बनी बहन व भेरूलाल भाई,दिलीप भाई कृष्णा भाई आदि मौजूद रहे।

ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन : बीसीएमओ ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर दिये आवश्यक निर्देश

# फिल्ड स्टॉफ आमजन को मौसमी बीमारियों के प्रति करें जागरूक : डॉ. गुर्जर

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** स्थित राजकीय सरदार जनाना अस्पताल में बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर की अध्यक्षता में सीएचसी दांतिल, पीएचसी बसई व भालोजी की ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बीसीएमओ ने एमओआईसी, सीएचओ, एएनएम व आशा सहयोगिनियों को ब्रेस्ट कैंसर (स्तन कैंसर) की जांच/स्क्रीनिंग करने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना माँ वाउचर योजना, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड वितरण, आभा आई.डी, राजश्री योजना, एएनसी पंजीकरण व जाँच समीक्षा की। बैठक में आशा डायरी व आरसीएच रजिस्टर की जांच की गई। जिन आशाओं के पास आशा डायरी नहीं थी, उनको आशा डायरी दी गई एवं जिन एएनएम का आरसीएच रजिस्टर अपूर्ण मिला, उनको सात दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। मिटिंग में जो अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित रहे उनको नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किये गये। उप स्वास्थ्य केन्द्र पूतली व पीएचसी बसई की आभा आईडी की प्रगति संतोषप्रद नहीं होने पर उनको सात दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। बीसीएमओ ने मौसमी बीमारियों को देखते हुये एएनएम व आशा सहयोगिनियों को नियमित रूप से डोर टू डोर एन्टीलार्वा सर्वे करने, मौसमी बीमारियों के प्रति आमजन को जागरूक करने एवं स्टॉफ को ड्रैस व आई.डी. कार्ड लगाकर रखने, संस्थान की नियमित रूप से साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। इस दौरान बीपीएम विजय तिवाड़ी, डॉ. रोहित चौधरी, राजवीर गुर्जर, मन्जु, ख्यालीराम यादव, सुरेश सैनी, प्रेमप्रकाश सैनी, लालचन्द समेत सीएचओ, एएनएम, कम्प्यूटर ऑपरेटर व आशा सहयोगिनी उपस्थित रही।

# अवैध पचफेरा राइफल के साथ पकड़ा गया युवक

## तीन कारतूस और बिना नंबर की बाइक जब्त, आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर की सरमथुरा थाना पुलिस ने बिना नंबर की बाइक पर 315 बोर की अवैध पचफेरा राइफल लेकर घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी से राइफल के साथ तीन जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। मध्यप्रदेश निवासी आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। जिसके खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सरमथुरा थाना प्रभारी गौरव कुमार सेन ने बताया कि एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में अवैध हथियार रखने वालों की धरपकड़ की जा रही है। जिसके तहत पुलिस को सूचना मिली थी कि मध्यप्रदेश का रहने वाला एक युवक बिना नंबर की प्लैटिना बाइक पर गिरोनिया रोड के पास अवैध हथियार के साथ खड़ा हुआ है। जो किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलने के बाद एएसआई योगेश कुमार के साथ पुलिस की टीम को मौके पर भेजा गया। जहां पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक फूल सिंह (40) पुत्र पीतम सिंह, निवासी मुरैना मध्यप्रदेश के पास से 315 बोर की पचफेरा राइफल के साथ तीन जिंदा कारतूस और एक बिना नंबर की बाइक मिली हैं।

जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी से पुलिस अवैध हथियार को लेकर पूछताछ कर रही है।



प्रथम परिचय सम्मलेन व विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

# सात जोड़ो रजिस्ट्रेशन व रक्त संग्रह 31 यूनिट

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** आदर्श सैनी समाज के द्वारा सैनी विकास संगठन के तत्वाधान में आगामी पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 नवंबर 2024 कोटपूतली में किया जाएगा जिसका प्रथम परिचय सम्मलेन व विशाल रक्तदान शिविर ग्राम दादुका गुरुशिखर स्कूल में आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सुवालाल पटेल ने की मंच संचालन रामकरण माली एवं संजय कुमार दैया द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि थानागाजी चेयरमैन चौथमल सैनी ।इस परिचय सम्मेलन में 18 योग्य युवक एवं 17 युवतियों ने परिचय दिया जिसमें सात जोड़ों का रजिस्ट्रेशन किया गया रक्तदान शिविर में 31 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ इस कार्यक्रम में सैनी समाज द्वारा सैनी समाज को आरक्षण दिलाने पर जोर दिया गया एवं समाज को एकजुट होकर सभी कुरीतियों को खत्म करने का आहान किया गया इस कार्यक्रम कि शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया अध्यक्ष बबलू बबेरवाल बताया द्वितीय परिचय सम्मेलन 8 सितंबर 2024 ग्राम बड़ौद में होने की जानकारी दी ।इस मौके पर संयोजक बाबूलाल सैनी, अध्यक्ष पप्पूराम सैनी, जोहरीमल सैनी,चतरूमल सैनी, छितरराम सैनी,गुलजारी सैनी, बंसीलाल सैनी,लल्लूराम सैनी,हनुमान सैनी, पूर्व अध्यक्ष जगदीशप्रसाद सैनी, पार्षद सीताराम सैनी, रामरतन सैनी, रामस्वरूप सैनी, आनंद सैनी,यूथ जिला अध्यक्ष रामकुमार सैनी, रामजीलाल सैनी,रामअवतार मिस्त्री,तहसील अध्यक्ष सुभाष जमालपुरिया,रामकुमार सैनी,पत्रकार बिल्लूराम सैनी,गंगाराम सैनी, सुगन सैनी, देसराज सैनी, जॉनी तोदवाल,आदि मौजूद रहे।

# भीलवाड़ा में तनाव : वीर हनुमान मंदिर के पास गाय की पूछ फेंकने की घटना के बाद आक्रोशित हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** शहर के कोतवाली थाना इलाके में एक बार फिर फिजा में जहर खोलने की साजिश हुई है। मामला गांधी सागर तालाब के सामने स्थित वीर हनुमान मंदिर का है जहां असामाजिक तत्वों ने माहौल खराब करने की नीयत से एक गौ माता की पूछ काट कर मंदिर की चौखट पर डाल दी, उसके बाद हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया। साधु संतों की मौजूदगी में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता बारिश के बीच मौके पर ही धरने पर बैठ गए और प्रशासन को 2 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार करने का अल्टीमेटम दिया है। यदि 2 घंटे में मामले का खुलासा नहीं होती है तो भीलवाड़ा बंद की चेतावनी दी गई है। चेतावनी के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर आक्रोशित भीड़ में पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और पुलिस और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच जेम गामी का माहौल बनने के बाद भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिस ने लाठी चार्ज किया साथ ही आकर्षित भीड़ ने पत्थर बाजी जैसी घटना को अंजाम दिया जिसमें कुछ लोगों के घायल होने की थी जानकारी मिल रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना इलाके में स्थित वीर हनुमान मंदिर गांधी सागर पाल के निकट अज्ञात और असामाजिक तत्वों द्वारा शहर की फिजा में जहर घोलने की नीयत से गाय की पूछ काट कर मंदिर की चौखट पर फेंक दी गई जब भक्तों को इसके बारे में जानकारी मिली तो आक्रोश फैल गया। महंत हंसराम की मौजूदगी में बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया। साधु संतों ने पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि 4 बजे तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है मामले का खुलासा नहीं किया जाता तो भीलवाड़ा बंद किया जाएगा। फिलहाल शहर भर के सभी थानों के जाब्ते के साथ ही आरएसी के अतिरिक्त जवान मौके पर पहुंचे और आक्रोशित हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं से समझाइश का प्रयास किया। आपको बता दें की वीर हनुमान मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर रात्रि 8.00 बजे भजन संध्या का आयोजन होना था, उससे पहले माहौल खराब करने की नीयत से इस वारदात को अंजाम दिया गया जिसको लेकर भक्तों में खासा रोष है।

2 घंटे का अल्टीमेटम देने के बावजूद मामले में पुख्ता कार्रवाई नहीं होने से नाराज हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन को उग्र करते हुए पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और जबरन भवानी नगर क्षेत्र में जाने का प्रयास किया जिस पर पुलिस ने लाठीचार्ज करते हुए भीड़ को खदेडाठी चार्ज में कुछ लोगों के घायल होने के बाद प्रदर्शनकारी और उग्र हो गए और भवानी नगर चौराहे पर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

फिलहाल सांसद दामोदर अग्रवाल की मौजूदगी में प्रशासनिक अधिकारी जिला कलेक्टर नमित मेहता, जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के साथ ही खबर लिखे जाने तक अन्य अधिकारियों के बीच वार्ता का दौर जारी है। महामंडलेश्वर महंत हंसराम का कहना है की वार्ता के तहत प्रशासन को रात 9 बजे तक का वक्त दिया गया है पुख्ता कार्रवाई नहीं होने पर भीलवाड़ा बंद करवाया जाएगा।



# अंता नगर पालिका के 3 वार्डों में भाजपा और कांग्रेस के बीच गरमाया उपचुनाव, 13 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

बढ़ता राजस्थान





**अंता ( शफीक मंसूरी )।** नगर पालिका के तीन वार्ड के उपचुनाव में शनिवार को 3 बजे आख़री दिन अंता भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की अगुवाई में रैली निकाल कर सैकड़ो की तादाद में भाजपा कार्यकर्ता उपखंड कार्यालय पहुंचे जहाँ भाजपा के वार्ड 15,17,28, प्रत्याशियों ने पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल, भाजपा नगर महामंत्री मोहित कालरा की मौजूदगी में नगर पालिका अंता के वार्ड 15, से मुबारिक अली 17, से शबनम 28 से कीर्ति मालव ने नामांकन दाखिल किया वही रविवार को आख़री दीन कांग्रेस पदाधिकारी नगर अध्यक्ष ललित गालव, पूर्व पालिका अध्यक्ष मुस्तफ़ा खान, मोहम्मद इकबाल उर्फ ( मल्लू भाई ) पार्षद संतोष गालव, शारिक खान, पूर्व पार्षद वसीम खान, वरिष्ठ नेता वहीद भाई अब्बासी, हरीश भंडारी, की मौजूदगी में वार्ड 15 से कांग्रेस प्रत्याशी आबिद हुसैन अंसारी, वार्ड 17 से कांग्रेस प्रत्याशी सना परवीन वार्ड 28 से कांग्रेस प्रत्याशी गिरिराज प्रसाद उर्फ़ चंदू महेश्वरी सहित अंता नगर पालिका के वार्ड 15,17,28, में कांग्रेस, भाजपा निर्दलीयों ने आख़री दीन 3. बजे तक 13 नामांकन दाखिल हुए । रिटर्निंग अधिकारी संजना जोशी ने बताया कि नगरपालिका उप चुनाव 2024 के अधीन नगरपालिका अन्ता के वार्ड संख्या 15, 17 व 28 के लिए नाम निर्देशन प्रक्रिया के अंतिम दिन कुल 11 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए। 2 नाम निर्देशन पत्र पूर्व में प्राप्त हुए हैं थे इस प्रकार तीनों वार्डों में कुल 13 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या 15 से उस्मान अली ने निर्दलीय, आबिद हुसैन व साजिद हुसैन ने इंडियन नेशनल कांग्रेस से व मुबारिक अली ने भाजपा से नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। वार्ड संख्या 17 से भाजपा से शबनम कांग्रेस से सना परवीन व अरशीन अख्तर ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। इसी प्रकार वार्ड संख्या 28 से भाजपा से मोहम्मद अशफाक, कीर्ति कुमार ने, कांग्रेस से हिना, गिरिराज प्रसाद ने एवं दुर्गाशंकर, रउफ मोहम्मद ने निर्दलीय अभ्यर्थी के रुप में नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए। मतदान 5 सितंबर को होगा, मतगणना 6 सितंबर को होगी और अध्यक्ष का चुनाव 17 सितंबर को होगा।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सांवलियाजी में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

## अति. जिला कलक्टर रावतभाटा समग्र प्रभारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. ) ।** जिला कलक्टर आलोक रंजन ने आदेश जारी कर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर श्रीसांवलियाजी मन्दिर मण्डफिया एवं क्षेत्र में होने वाले विभिन्न कार्यक्रम, आयोजन, गतिविधियों आदि पर प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए विनोद मल्होत्रा, अति. जिला कलक्टर रावतभाटा को समग्र प्रभारी नियुक्त किया है। आदेश के अनुसार विजयेश कुमार पण्ड्या उपखण्ड मजिस्ट्रेट, भदेसर को मेला मजिस्ट्रेट तथा हेमन्त कुमार मीणा तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट भदेसर को सहायक मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम, आयोजनों तथा गतिविधियों के दौरान आवश्यक स्वीकृति जारी किये जाने हेतु विजयेश कुमार पण्ड्या, उपखण्ड मजिस्ट्रेट भदेसर को सक्षम प्राधिकारी तथा नियंत्रण कक्ष हेतु हर्षित शर्मा तहसीलदार निर्वाचन कार्यालय, जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ को प्रभारी, नियंत्रण कक्ष नियुक्त किया गया है।

उक्त आदेश की निरन्तरता में आगामी दिनांक 26 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर श्रीसांवलियाजी मन्दिर मण्डफिया एवं क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से भादसोडा चौराहा से मीरा सर्कल तक सम्पूर्ण मार्ग एवं आस-पास के सम्पूर्ण क्षेत्र हेतु गोविन्द सिंह, उपखण्ड मजिस्ट्रेट, राशमी को ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा गजराज मीना, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट, बस्सी को सहायक ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। श्री सांवलियाजी मन्दिर के सम्पूर्ण बाहरी क्षेत्र एवं ग्राम मण्डफिया के सम्पूर्ण क्षेत्र हेतु ईश्वर लाल खटीक, उपखण्ड मजिस्ट्रेट डूंगला को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार श्री सांवलियाजी मन्दिर के सम्पूर्ण भीतरी क्षेत्र हेतु हेमन्त कुमार मीणा, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट, भदेसर को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। साथ ही, भजन संध्या स्थल, मंडफिया और अन्य कार्यक्रम स्थल हेतु महिपाल कलाल तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट, चित्तौड़गढ़ को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उक्तानुसार नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट व सहायक ड्यूटी मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर क्षेत्र में होने वाले विभिन्न कार्यक्रम, आयोजन, गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखा जाना सुनिश्चित करेंगें। किसी भी प्रकार की संभावित अप्रिय घटना को तत्काल नियंत्रित करने हेतु समुचित कार्यवाही एवं सार्थक प्रयास करते हुए सूचना पुलिस कन्ट्रोल रूम एवं विनोद मल्होत्रा, अति. जिला कलक्टर रावतभाटा को दी जाना सुनिश्चित करेंगें।

# नौ ग्रहों, बारह राशियों और 27 नक्षत्रों के अनुसार वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में एक अद्वितीय पहल के तहत, 1991 बैच के पूर्व छात्रों ने एक नक्षत्र वाटिका का निर्माण किया है जो भारतीय संस्कृति और प्रकृति संरक्षण का एक अनूठा मिश्रण प्रस्तुत करता है।

इस वाटिका में 9 ग्रहों, 12 राशियों और 27 नक्षत्रों के अनुसार वृक्षारोपण किया गया है। यह पहल प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक विज्ञान को जोड़ती है। नक्षत्र वाटिका केवल एक बगीचा नहीं है, बल्कि यह एक विचार है। यह भारतीय अध्यात्मवाद और प्राचीन ज्ञान को आधुनिक जीवन शैली से जोड़ने का प्रयास है। यह दुर्लभ और लुप्तप्राय पौधों को संरक्षित करने में भी मदद करेगा।

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस. के. सिंह ने वनौषधि नक्षत्र वाटिका में पीपल का वृक्ष लगाकर उद्घाटन किया। इस परियोजना को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के बैच 1991 के पूर्व छात्रों की अहम भूमिका रही है। मेकेनिकल विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आनंद चतुर्वेदी के नेतृत्व में इन पूर्व छात्रों जितेंद्र शर्मा (जेके कंसल्टेंट एंड बिल्डर्स), अचल श्रीधर (एक्सेनचर), सुनील शर्मा (एसई, आरवीपीएनएल कोटा में कार्यरत), अनिल दीक्षित (वर्क्स मैनेजर, स्टोन शिपर), शिव कुमार (एक्सईएन, आरवीयूएनएल छबड़ा), प्रवीण जैगिसॉट (एक्सईएन, आरवीयूएनएल), मलकीत सिंह (एसई, आरवीयूएनएल कोटा), रजनीश विद्यार्थी (डीटीओ, सिरोही), और विशम्बर सहाय (एसई, जेवीवीएनएल झालावाड़) जैसे कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व ने मिलकर इस वाटिका को साकार किया है। ये सभी लोग आजकल विभिन्न संस्थानों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। इन पूर्व छात्रों ने पर्यावरण के महत्व को समझते हुए मिलकर यह वाटिका बनवाई है।

**' दशकूप समवापी,दशवापी समह्रदः, दशह्रदः समःपुत्रो,दशपुत्र समुद्रम।।'**

दस कुए एक बावड़ी के समान होते हैं, दस बावड़ी एक तालाब के समान, दस तालाब एक पुत्र के समान और दस पुत्रों के समान एक वृक्ष होता है। इस के अनुरूप, पूर्व छात्रों ने मिलकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए यह वाटिका स्थापित की है।

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह ने पूर्व छात्रों को इस नवाचार के लिए और डॉ अनुपमा चतुर्वेदी जो आयुर्वेद महाविद्यालय कोटा में कार्यरत वनौषधि विशेषज्ञ है को उनके द्वारा दिए सहयोग के लिए विशेष रूप से धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर दिनेश बिरला (एसोसिएट डीन), मुनीश बिंदल और मनीष चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

# अग्रवाल परिचय सम्मेलन : मंच से रिश्तों की तलाश, कह दी अपने मन की बात


## युवक युवतियों के परिजनों ने अपने बच्चों का दिया परिचय

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** अग्रवाल वैष्णव मोमीयान पंचायत के तत्वावधान में एक दिवसीय परिचय सम्मेलन अग्रसेन सभागार तलवंडी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक परमानन्द गर्ग व महेश मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा श्री अग्रसेनजी के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके हुई। परिचय सम्मेलन में विभिन्न स्थानों से आए 25 युवक युवतियों व बच्चों के परिजनों ने परिचय दिया। उन्होंने अपनी पसंद नापसंद बताते हुए योग्य रिश्तों की चाह रखी। किसी ने नौकरी पेशा तो किसी नए व्यवसायी जीवनसाथी की चाहत बताई। किसी ने परिवार के साथ निभा कर चलने वाली जीवनसंगिनी की इच्छा व्यक्त की।संस्था के संरक्षक सोहनलाल गुप्ता, कैलाश गुप्ता व अध्यक्ष चेतन मित्तल ने कहा कि अग्रवाल समाज द्वारा ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी जीवन साथी चुनने का एक अच्छा मंच मिलता है। साथ ही, वर्तमान में ऐसे आयोजनों की नितांत आवश्यकता है। समाज में बढ़ते तलाक के केस पर चिन्ता व्यक्त की। मंच का संचालन महेश मित्तल ने किया। महिला मण्डल की संरक्षिका सावित्री गुप्ता ने बताया कि 320 युवक युवतियों की इलेक्ट्रॉनिक बायोडाटा फाइल भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर आरआर मित्तल, अरुण मित्तल, गिर्राज मित्तल, सुशीला मित्तल, ललित एरन, ओमप्रकाश अग्रवाल, मीना मित्तल, अनिल मंगल सहित समाजबंधु उपस्थित थे।

# कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया




बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, महुपुरा, रावतभाटा में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में श्री कृष्ण की मनमोहक झांकी सजाई गई, जो सभी का ध्यान आकर्षित कर रही थी। उद्बोधन में आचार्य सरोज अहीर ने कहा कि भगवान विष्णु ने द्वापर युग में भादवे महीने की अष्टमी तिथि पर कृष्ण के रूप में देव की गर्भ से जन्म लिया था। उन्होंने बताया कि कृष्ण के जन्म से लोक और परलोक दोनों ही प्रसन्न हो गए थे। जन्माष्टमी पर्व पर लोग उपवास रखकर, कृष्ण के प्रति भक्ति गीत गाकर और रात्रि में जागरण करके इसे बड़े श्रद्धा भाव से मनाते हैं। उत्सव के दौरान जयंती प्रमुख श्रीमती मीना राठौर ने बताया कि भैया नवल, बहन कृष्ण नाथ, किरण पायल भाट, अंजलि, रितु प्रजापत, स्नेहा पारेता, हिमांगी शर्मा, महिमा मोनिका, आराधना, यशस्वी ने अति सुंदर भजन प्रस्तुत किए। रिद्धिमा, निलांशी, योग्यता, वैष्णवी ने राधा का स्वरुप बनकर कार्यक्रम में भाग लिया। इस भव्य आयोजन में भाग लेने वाले भैया बहनों को प्रधानाचार्य मुकेश कुमार वैष्णव द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# यूनाइटेड कांट्रेक्टर एसोसिएशन राजस्थान की बैठक संपन्न



बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** रविवार को यूनाइटेड कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन राजस्थान की बैठक बीएस राव प्रदेश अध्यक्ष के मुख्य अतिथि में होटल अरावली रिसोर्ट सेमलपुरा चौराहा चित्तौड़गढ़ में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरीश आहूजा ने की। विशिष्ट अतिथि भंवरलाल कुमावत जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़, सुनील गर्ग जिला अध्यक्ष कोटा, भूराराम चौधरी जिला अध्यक्ष नागौर थे। उक्त मीटिंग में जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत, डीएलपी अवधि 5 वर्ष से घटकर 3 वर्ष, जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर नवीन कार्यकारिणी का गठन, डीएमएफटी के कार्यों के भुगतान, बीड संशोधन तथा विभाग द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों का भुगतान समय पर करने के बारे में चर्चा की गई। इस अवसर पर हरीश आहूजा, रविराज सिंह, महावीर सिंह अहीर, अमोल अग्रवाल, ऋषभ जैन, बंसीलाल अहीर, रत्नेश कुमार छाजेड़, प्रदीप मोदी, सागरमल धाकड़, दिनेश अहीर, दिनेश खटीक, प्रिंस बाबेल, नारायण सिंह राणावत, प्रतीक सिंह चौहान, विष्णु शंकर कुमावत, श्रवण सिंह राव, मोहम्मद रफी, लक्ष्मीलाल तेली, रतनलाल शर्मा, रमेश कुमार स्वर्णकार, सुरेश कुमार, अतुल राघव, वीरेंद्र सिंह राठौड़, आदित्य जाड़ावत, गणेश गर्ग, निलेश बलदवा, रामगोपाल लोहार, घीसूलाल जाट, मनमोहन पालीवाल, सौभागमाल कुमावत, दीप सिंह राठौड़, मोहम्मद रफी, करण सिंह सांखला एवं कई ठेकेदार बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रविराज सिंह चित्तौड़गढ़ ने किया तथा महावीर सिंह अहीर ने आभार प्रकट किया।

# जिले मे मानसून मेहरबान जिले मे सबसे ज्यादा बस्सी मे 50 एम एम व सबसे कम कपासन 3, एम एम हुई बारिश

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. ) ।** निम्बाहेड़ा जिले मे दो दिन से लगातार बारिश का दौर जारी हैं रविवार प्रातः 8 बजे तक जिले मे सबसे ज्यादा वर्षा बस्सी मे 50 एम एम एवं सबसे कम कपासन मे 3 एम एम दर्ज की गई । कंट्रोल रूम के अनुसार जिले में रविवार को प्रातः 8. बजे तक वर्षा इस प्रकार दर्ज की गई चित्तौड़गढ़ में 29,गंगरार 15,राशमी 35 ,कपासन 3, बेगू 30, निंबाहेड़ा 34, भदेसर 15, डूंगला 5, बड़ीसादड़ी 8, भैसरोडगढ़ 21, बस्सी 50 एवं भोपालसागर मे 25 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। रविवार सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बारिश सबसे अधिक निंबाहेड़ा में 82 एमएम एवं सबसे कम भेसरोड़गढ़ 17 एमएम वर्षा दर्ज की गई।

# श्री सुविधिनाथ स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर में हुआ जिनालय शुद्धिकरण



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** रावतभाटा शहर के बाजार न. 1 में स्थित सुविधिनाथ स्वामी जैन श्वेतांबर जिनालय में शुद्धिकरण का अभियान हुआ। संघ के सचिव ने बताया कि पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के पूर्व जिनालय में शुद्धिकरण किया गया जिसमे सर्वप्रथम परमात्मा से आज्ञा लेकर सम्पूर्ण मंदिर की साफ सफाई की गयी, सभी प्रतिमाओं का विभिन्न औषधि से विलेपन कर शुद्धिकरण करके पक्षाल अभिषेक किया गया। तत्पश्चात प्रभु की अष्टप्रकारी पूजन किया गया एवं सामूहिक रूप से सभी ने आरती की। इस अभियान में संघ के बहुत से भाई बहनों ने भाग लेकर अपना पूर्ण सहयोग दिया एवं इस अभियान को सफल बनाया।

अशोक लोढ़ा, जितेंद्र गोठी, धीरज गोठी, अर्पित बरडिया, सुमित बरडिया, पुजारी दीपक, ज्ञानलता गोठी, सोनिया फांफ़रिया, हिमानी गोठी, सिद्धिका तिल्लानी, बाई जी इत्यादि इस अवसर पर मौजूद थे।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# पीएम जलगांव में बोले-महिलाओं के खिलाफ अपराध माफी योग्य नहीं

## दोषी बचने नहीं चाहिए; सरकारें आती जाती रहेंगी, नारी सम्मान की रक्षा हमारा दायित्व



बढ़ता राजस्थान

**जलगांव ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्व-सहायता समूहों को 5 हजार करोड़ रुपए का लोन जारी किया। साथ ही 11 लाख लखपति दीदियों को सर्टिफिकेट भी दिया।

पीएम ने देशभर में हो रही रेप की घटनाओं पर चिंता जताई। कोलकाता में महिला डॉक्टर, बदलापुर में दो बच्चियों के यौन शोषण समेत देशभर में हो रही घटनाओं का बिना नाम लिए उन्होंने कहा- आज देश का हर राज्य अपनी बेटियों की पीड़ा और गुस्से को समझ रहा है। मैं देश के हर राजनीतिक दल और राज्य सरकार से कहूंगा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य है। दोषी कोई भी हो, उसे बचना नहीं चाहिए। सरकारें आती जाती रहेंगी। नारी के सम्मान और गरिमा और उनके जीवन की रक्षा का दायित्व हमारा है। महाराष्ट्र के बाद, मोदी राजस्थान जाएंगे। वे जोधपुर में राजस्थान हाईकोर्ट प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल होंगे। यहां हाईकोर्ट संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे।

### महाराष्ट्र को आने वाले कई सालों तक महायुति सरकार की जरूरत

महाराष्ट्र को आने वाले कई साल तक महायुति की स्थिर सरकार की जरूरत है। जो उद्योगों को, युवाओं की पढ़ाई और नौकरी को बढ़ावा दे सके। मुझे भरोसा है यहां की माताएं बहनें मेरा साथ देंगी। एक बार फिर महायुति सरकार के कामों को सरकार की मदद का आश्वासन देता हूं।

### भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं और बच्चों के लिए बने विशेष कानून

मैं बेटियों को बताना चाहता हूं कि पहले शिकायत आती थी एफआईआर नहीं होती। ऐसी अड़चनों को हमने भारतीय न्याय संहिता में दूर कर दिया है। महिला और बच्चों के लिए अलग चैप्टर रखा है। अगर पीड़ित थाने नहीं जाना चाहती तो जीरो एफआईआर कर सकती है। इस पर सबसे पहले एक्शन के निर्देश दिए गए हैं। नाबालिगों से यौन अपराध के लिए फांसी और उम्रकैद नए कानूनों में रखी गई है। भारतीय न्याय संहिता में शादी के नाम पर धोखे और छल को भी साफ साफ परिभाषित किया गया है। केंद्र सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने लिए तैयार है।

### नारी के खिलाफ हुआ हर अपराध अक्षम्य है, दोषी को सजा मिलनी चाहिए

आज तीनों सेनाओं में महिला अफसर तैनात हो रही हैं। गांव में कृषि और डेयरी सेक्टर में बेटियां बिजनेस मैनेज कर रही हैं। राजनीति में भी उनकी भागीदारी बढ़े इसके लिए हमने नारीशक्ति वंदन अधिनियम बनाया है। मैंने लाल किले से भी बार बार इस विषय को उठाया है। आज देश का हर राज्य अपनी बेटियों की पीड़ा और गुस्से को समझ रहा है। मैं देश के हर राजनीतिक दल और राज्य सरकार से कहूंगा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य अपराध है। दोषी कोई भी हो उसे बचना नहीं चाहिए, उसे मदद करने वाला बचना नहीं चाहिए। अस्पताल, पुलिस, स्कूल, दफ्तर जिस भी स्तर पर लापरवाही हो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। ऊपर से नीचे तक ये संदेश जाना चाहिए कि ये अक्षम्य अपराध है। सरकारें आती जाती रहेंगी।

# उमर अब्दुल्ला गांदरबल से चुनाव लड़ेंगे

## बोले- पीडीपी ने हमारे घोषणापत्र की नकल की; हमारा एजेंडा एक, महबूबा अपने कैंडिडेट न उतारें

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला गांदरबल सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। श्रीनगर से नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद सैयद रुहुल्लाह मेहदी ने नुनेर की एक चुनावी रैली में इसकी घोषणा की। उमर अब्दुल्ला भी यहां मौजूद थे। हालांकि जुलाई 2020 में उमर ने कहा था कि जब तक जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा नहीं मिलता, मैं विधानसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा। 2014 के विधानसभा चुनाव में उमर बीरवाह सीट से लड़े थे। उन्होंने कांग्रेस कैंडिडेट नाजिर अहमद खान को 910 वोटों से हराया था। अब्दुल्ला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने हमारे घोषणा पत्र की नकल की है। उन्होंने करीब वो सभी वादे किए जो हमने पहले किए। कश्मीर की बेहतरी के लिए एनसी-कांग्रेस कैंडिडेट्स के खिलाफ पीडीपी अपना कैंडिडेट न उतारे क्योंकि उनका एजेंडा एक ही है। पीडीपी सुप्रीमो महबूबा मुफ्ती ने 24 अगस्त को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच गठबंधन सीट बंटवारे पर हो रहा है, न कि एजेंडे पर। अगर दोनों दल हमारी पार्टी का एजेंडा मानेंगे तो हम गठबंधन को तैयार हैं। हमारा सिर्फ एक ही एजेंडा है- जम्मू-कश्मीर की समस्या का समाधान।

# इजराइल ने हिजबुल्लाह पर 100 फाइटर जेट्स से अटैक किया

## कहा- हमले की आशंका थी, जवाब में हिजबुल्लाह ने 320 रॉकेट दागे



बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव( एजेंसी )।** इजराइल ने रविवार सुबह दक्षिणी लेबनान में 100 फाइटर जेट्स से हिजबुल्लाह की रॉकेट लॉन्चिंग साइट्स पर अटैक किया। फाइटर जेट्स ने 40 से अधिक जगहों को निशाना बनाया।

इजराइल ने दावा किया है हिजबुल्लाह इजराइल पर हमले की तैयारी कर रहा था। इसलिए उसने हमले को नाकाम करने के लिए ये स्ट्राइक की है। इजराइली हमले के जवाब में हिजबुल्लाह संगठन इजराइल पर 320 रॉकेट से हमला किया है। कतर के मीडिया हाउस अलजजीरा के मुताबिक हिजबुल्लाह ने रविवार को इजराइल के 11 सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें और ड्रोन्स फायर किए। हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने 48 घंटों के लिए इमरजेंसी की घोषणा कर दी। राजधानी तेल अवीव के बेन गुरियन एयरपोर्ट को बंद करते हुए आने-जाने वाली सभी फ्लाइट्स को 90 मिनट के लिए रोक दिया गया। हालांकि बाद में सेवाएं वापस शुरू कर दी गईं। हमले के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कैबिनेट की बैठक बुलाई। उन्होंने कहा कि हम पर हजारों रॉकेट्स से हमला हुआ, जिसे नाकाम कर दिया गया। नेतन्याहू ने कहा, हम देश की सुरक्षा के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। जो हमें नुकसान पहुंचाएगा, हम उसे नुकसान पहुंचाएंगे। दूसरी तरफ अमेरिका ने ओमान की खाड़ी में मौजूद अपने दो एयरक्राफ्ट कैरियर और युद्धपोतों को इजराइली सीमा के नजदीक तैनात कर दिया है। वहीं अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने अमेरिकी पनडुब्बी जॉर्जिया को इलाके में तैनाती के लिए भेज दिया है।

### गाजा में सीजफायर के लिए मिस्र में हो रही है बैठक

लेबनान और इजराइल के बीच हमले उस वक्त हुए हैं जब गाजा में जारी जंग को रोकने के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा में बैठक चल रही है। अमेरिकी मीडिया हाउस न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, हिजबुल्लाह ने सुबह-सुबह इजराइल पर हमला किया।

# नशे के कारोबार को ध्वस्त करने का अमित शाह ने बताया तरीका, कहा

## टॉप टू बॉटम और बॉटम टू टॉप अप्रोच अपनानी होगी

बढ़ता राजस्थान




**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों का अवैध कारोबार ना केवल भारत के लिए चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प एवं रणनीति के साथ देश इस समस्या से पार पा सकता है। शाह ने आज नवा रायपुर के एक होटल में छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर एक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लड़ाई में सफलता प्राप्त करने के लिए मादक पदार्थों का पता लगाने, नेटवर्क को नष्ट करने, अपराधी को हिरासत में लेने और नशे के आदी लोगों का पुनर्वास' करने के चार सूत्रों पर जोर दिया।

शाह ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को नशा मुक्त बनाने का संकल्प किया है, जब देश की आजादी का 100 वां वर्ष मनाया जाएगा। धीरे-धीरे यह संकल्प 130 करोड़ आबादी का संकल्प बन गया है। मेरा मानना है कि नशा मुक्त भारत का संकल्प एक समृद्ध, सुरक्षित और गौरवशाली भारत बनाने में बहुत महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा, ''अवैध मादक पदार्थों का कारोबार ना केवल भारत के लिए एक चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है। मेरा मानना है कि देश में लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की ज्यादा जरूरत है। अगर हम दृढ़ संकल्प और रणनीति के साथ लड़े तो हम यह लड़ाई जीत सकते हैं। मुझे कहने में झिझक नहीं है कि कई देश इसके खिलाफ अपनी लड़ाई हार चुके हैं।''

शाह ने कहा,''मादक पदार्थों के अवैध व्यापार का उद्देश्य ना केवल युवाओं को बर्बाद करना है बल्कि मादक पदार्थों के व्यापार से उत्पन्न अवैध धन का उपयोग राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी किया जाता है। यह हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है कि कतई बर्दाश्त नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति के साथ देश को नशा मुक्त बनाया जाए।''

केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के उपयोग पर भी चिंता व्यक्त की और कहा, ''छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के दुरुपयोग का प्रतिशत 1.45 है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। छत्तीसगढ़ की सीमा ओड़िशा और आंध्र प्रदेश सहित सात राज्यों से लगती है, जहां से मादक पदार्थों की तस्करी की जाती है।'' उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 4.98 प्रतिशत गांजे का नशे के लिए उपयोग किया जाता है जो राष्ट्रीय औसत 2.83 प्रतिशत से अधिक है, जो हमारे लिए चिंता का विषय है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ड्रग तस्कर अपना तरीका बदल रहे हैं और प्राकृतिक दवाओं से सिंथेटिक दवाओं की ओर जा रहे हैं, जिससे सबसे अधिक नुकसान होता है। उन्होंने मादक पदार्थों के व्यापार नेटवर्क को खत्म करने के लिए 'ऊपर से नीचे' और 'नीचे से ऊपर' दृष्टिकोण के साथ वैज्ञानिक जांच पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया।

शाह ने कहा, यदि किसी छोटी सी दुकान में मादक पदार्थ का एक पैकेट मिलता है, तो हमें जांच करनी होगी कि यह कहां से आया और कहां बनाया गया। इस पूरी व्यवस्था की पृष्ठभूमि को खत्म करने के लिए हमें वैज्ञानिक तरीके से जांच करने की आदत डालनी होगी। हमें ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर का दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि सभी पुनर्वास और नशा मुक्ति केंद्रों को हमारी लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

# हरियाणा में बदल सकती है चुनाव की तारीख

## 1 अक्टूबर की जगह 6 दिन बाद वोटिंग संभव; मंगलवार को ऐलान करेगा आयोग

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 1 अक्टूबर के लिए प्रस्तावित विधानसभा चुनाव की वोटिंग की तारीख बदल सकती है। भाजपा और इंडियन नेशनल लोकदल ने चुनाव आयोग को चिट्ठी भेजकर छुट्टियों और बिश्नोई समाज के धार्मिक कार्यक्रम का हवाला देकर तारीख बदलने की मांग की थी, जिस पर चुनाव आयोग विचार कर रहा है। संभावना है कि चुनाव आयोग हरियाणा में 1 अक्टूबर के बजाय 7 या 8 अक्टूबर को वोटिंग कराए। ऐसा होने पर जम्मू-कश्मीर की मतगणना की तारीख भी बदल सकती है। इस पर जो भी फैसला होगा, चुनाव आयोग उसका मंगलवार को ऐलान करेगा। विधानसभा चुनाव की तारीख बदलने को लेकर बीजेपी के अलावा, आईएनएलडी और बिश्नोई समाज ने लेटर लिखे। इसके बाद चुनाव आयोग ने पत्रों का संज्ञान लिया है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व स्तर के एक नेता ने बताया है कि सोमवार को इस मामले में चुनाव आयोग में मंथन किया जाएगा। इसके बाद मंगलवार को इस पर स्थिति स्पष्ट होगी। भारतीय जनता पार्टी और इंडियन नेशनल लोकदल ने चुनाव आयोग को लिखे लेटर में कहा था- छुट्टियों के दौरान चुनाव हुए तो वोटिंग प्रतिशत पर असर पड़ेगा।

# राजस्थान के 7 जिलों में तेज बरसात

## करौली में गंभीर नदी में बहे 3 युवक, पेड़ पर चढ़ बचाई जान; पार्वती डैम के अब तक 10 गेट खोले

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के प्रभाव से राजस्थान के दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश शुरू हो गई है। राजधानी जयपुर में रविवार को रुक-रुक कर कई इलाकों में तेज बरसात हुई। अलवर में 10 मिनट तक हुई तेज बरसात से चूड़ी मार्केट में पानी भर गया। सीकर, जोधपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा और जालोर में भी बारिश हुई।

करौली जिले के बालघाट थाना क्षेत्र में रविवार शाम 6 बजे भोपुर लालपुरा एनीकट (गंभीर नदी) में तीन युवक बह गए। पानी में बहने के दौरान तीनों युवकों ने नदी के बीच में बबूल के पेड़ पर चढ़कर जान बचाई। एक युवक पेड़ से उतरकर बाहर निकल आया, जबकि 2 युवक पेड़ पर ही बैठे हुए हैं।

पांचना बांध से पानी की निकासी होने के चलते गंभीर नदी में पानी का बहाव तेज है। सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा में शनिवार शाम से रविवार सुबह तक करीब 123 मिमी. बारिश हुई है। अजमेर में भी शनिवार देर रात हुई तेज बारिश के बाद आनासागर और फायसागर लेक ओवरफ्लो हो गई हैं। धौलपुर के पार्वती डैम में लगातार पानी की आवक हो रही है। डैम के पिछले करीब 12 घंटों में अलग-अलग फेज में 9 गेट खोले गए हैं। दौसा में शनिवार रात करीब डेढ़ घंटे में मूसलाधार बारिश हुई। इससे कई इलाकों में जलभराव की स्थिति देखने को मिली। वहीं, पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश सिरोही के रेवदर में 120 एमएम दर्ज हुई। जोधपुर, पाली, जालोर, उदयपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा समेत कई जिलों में 2 से 4 इंच तक पानी बरसा।

### गंभीर नदी में बहे 3 युवक पेड़ पर चढ़कर बचाई जान

करौली जिले के बालघाट थाना क्षेत्र में रविवार शाम 6 बजे भोपुर लालपुरा एनीकट (गंभीर नदी) में तीन युवक बह गए। पानी में बहने के दौरान तीनों युवक नदी के बीच में बबूल के पेड़ पर चढ़ गए। एक युवक बाहर निकल आया, जबकि 2 युवक पेड़ पर ही बैठे हुए हैं। पांचना बांध से पानी की निकासी होने के चलते गंभीर नदी में पानी का बहाव तेज है।

### 24 घंटे में 133 मिमी. से ज्यादा बारिश

सिरोही जिले में शनिवार दोपहर बाद शुरू हुई बरसात का दौर देर शाम तक जारी रहा। जिले में बीते 24 घंटे के दौरान रविवार सुबह 8: 00 बजे तक जिले में सबसे अधिक बरसात रेवदर में 133एमएम दर्ज की गई।

### बारिश से मकान गिरा, जगह-जगह पानी भरा

शनिवार देर रात से अजमेर, पाली, सवाई माधोपुर जिले के कई एरिया में बारिश हो रही है। अजमेर शहर में बीते 24 घंटों में 80 एमएम बरसात हुई। शहर में मौजूद दोनों झील आनासागर और फायसागर ओवरफ्लो हो गई हैं। आनासागर झील की क्षमता 13 फीट है। यहां 1 फीट 6 इंच का ओवरफलो है।
वहीं, फायसागर झील की क्षमता 26 .9 फीट है और 6 इंच ओवरफ्लो है। सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा में तेज बारिश से एक मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। कस्बे के नदी नालों में पानी की आवक हुई है। बारिश के चलते हस्तगंज गांव में जल भराव हो गया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )